● जयपुर, सोमवार, 15 जुलाई 24 ● वर्ष 13 ● अंक 317 ● पृष्ठ : 8 ● मूल्य : 1 रुपये

www.chamaktarajasthan.in| Email : chamaktarajasthan8789@gmail.com

डाक पंजीयन संख्याः RJ/JPC/D19/2024-25

RNI. No. RAJHIND/2011/40950

दैनिक राज्य तथा केंद्र द्वारा मान्यता प्राप्त

सच के साथ मजबूती से बढ़ाये क़दम

चमकता राजस्थान

जयपुर से प्रकाशित एवं प्रसारित

विज्ञापन के लिए : 93145 05000

अजमेर, सीकर, झुंझनुं, सवाईमाधोपुर, चित्तौड़गढ़, बूँदी, धौलपुर, हिंडौन, भरतपुर, झालावाड़, जोधपुर, बीकानेर से प्रसारित

सुविचार

''सत्य को हज़ार तरीकों से बताया जा सकता है, फिर भी हर एक सत्य ही होगा।''

● स्वामी विवेकानंद

पेज @3 रांची राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के द्वारा अखिल भारतीय प्रांत प्रचारक...

पेज @4 अगले हफ्ते से बंगाल में ओर बढ़ेगी बारिस....

पेज @8 80 बीघा में बनेगा आयुर्वेद विश्वविद्यालय, माकड़वाली में भूमि चिंहित...

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नाम एक और रिकॉर्ड, 'एक्स' पर 10 करोड़ हुए फॉलोवर, बने सबसे लोकप्रिय नेता

नयी दिल्ली/एजेंसी

लगातार तीसरी बार जीतकर सत्ता में आए पीएम नरेंद्र मोदी के नाम एक और रिकॉर्ड जुड़ गया है. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लोकप्रियता तेजी से बढ़ी है. यही वजह है कि वे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर सबसे ज्यादा फॉलो किए जाने वाले नेता बनकर उभरे हैं. सोशल मीडिया प्लेटफार्म 'एक्स' पर उनके फॉलोअर्स की संख्या 100 मिलियन यानी 10 करोड़ को पार कर गई है. प्रधानमंत्री ने इस पर खुशी जताई है. देश के अन्य नेताओं की तुलना करें, तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सबसे काफी आगे निकल गए हैं. लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के एक्स पर 26.4 मिलियन फॉलोअर्स हैं. वहीं दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के 27.5 मिलियन. समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव को एक्स पर 19.9 मिलियन लोग फॉलो करते है, तो पश्चमि बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के 7.4 मिलियन फॉलोअर्स हैं. लालू यादव को एक्स पर 6.3 मिलियन, तेजस्वी यादव के 5.2 मिलियन जबकि एनसीपी प्रमुख शरद पवार के 2.9 मिलियन फॉलोअर्स हैं.

देश की ही बात नहीं, दुनिया के नेताओं की बात की जाए तो पीएम मोदी अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन, दुबई के शासक और पोप फ्रांसिस से कोसों दूर हैं. बाइडन को सिर्फ 38.1 मिलियन लोग फॉलो करते हैं, जबकि दुबई के शासक एचएच शेख मोहम्मद के 11.2 मिलियन फ़ॉलोअर्स हैं. पीएम मोदी की लोकप्रियता दुनिया के हर देश और कोने में नजर आती है. यही वजह है कि उन्हें फॉलो करने वाले सिर्फ भारत के नहीं, बल्कि पूरी दुनिया से हैं.

इतना ही नहीं, दुनियाभर में मशहूर खलिाड़ियों से भी मोदी के ज्यादा फॉलोवर्स हैं. क्रिकेटर विराट कोहली को 64.1 मिलियन लोग फॉलो करते हैं तो ब्राजीलियाई फुटबॉलर नेमार जूनियर को 63.6 मिलियन लोग. अमेरिकी बास्केटबॉल खिलाड़ी लेब्रोन जेम्स को 52.9 मिलियन लोग एक्स पर फॉलो करते हैं. सुपरस्टार टेलर स्विफ्ट के 95.3 मिलियन फॉलोवर्स हैं, तो लेडी गागा के 83.1 मिलियन और किम कार्दशियन के 75.2 मिलियन फॉलोवर्स हैं.

एक नजर

देश में सबसे कम उम्र की विधायक बनीं मधुपर्णा ठाकुर

कोलकाता/एजेंसी। महज 25 वर्ष की उम्र में मधुपर्णा ठाकुर विधायक बनी हैं और ऐसा कर उन्होंने सबसे कम उम्र की विधायक होने का रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है। बागदा विधानसभा सीट से जीत दर्ज करने के बाद तृणमूल कांग्रेस उम्मीदवार मधुपर्णा ठाकुर पूरे भारत में सबसे कम उम्र की विधायक बन गयी हैं। इससे पहले यह रिकॉर्ड यूपी के सुल्तानपुर के सपा विधायक अरुण वर्मा के नाम था। वह भी केवल 25 साल की उम्र में विधायक बने थे। सन्मार्ग से बात करते हुए उन्होंने कहा कि हमारी प्राथमिकता समाज के लिए काम करना है।

तृणमूल सांसद ममता बाला ठाकुर की बेटी मधुपर्णा ठाकुर ने गत वर्ष यानी 2023 में ही अपनी पढ़ाई पूरी की है। उनकी एफिडेविट के अनुसार, मधुपर्णा ने वर्ष 2023 में वेस्ट बंगाल स्टेट यूनिवर्सिटी से यूजी सीबीसीएस छठे सेमेस्टर के तहत जूलॉजी में बी.एससी (ऑनर्स) किया है। उन्होंने अपनी बोर्ड की परीक्षा साल 2017 में केंद्रीय विद्यालय, कोलकाता से पास की। वहीं सेकेंडरी की पढ़ाई उन्होंने तुली पब्लिक स्कूल, नागपुर, महाराष्ट्र से की। पढ़ाई के साथ-साथ मधुपर्णा समाज सेवा से जुड़े कार्यों में भी आगे रहती हैं।

मणिपुर में फिर भड़की हिंसा, एक जवान शहीद, तीन जवान जख्मी

इंफाल। मणिपुर के जिरीबाम में रविवार को संदिग्ध कुकी उग्रवादियों के हमले में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) का एक जवान शहीद हो गया जबकि सीआरपीएफ का एक जवान और मणिपुर पुलिस के दो जवान घायल हो गये। पुलिस ने शहीद सीआरपीएफ जवान की पहचान अजय कुमार झा के रूप में की है। सभी घायल कर्मियों का इलाज जिरीबाम अस्पताल में किया गया। सेइजांग कुकी गांव के भारी हथियारों से लैस आतंकवादियों ने रविवार सुबह एक बड़ा हमला शुरू कर दिया और उन्होंने तीन घंटे से अधिक समय तक मैतेई गांव और सुरक्षा कर्मियों को निशाना बनाया।

सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में आयोजित विजय संकल्प सभा को बोले शिवराज

कांग्रेस व जेएमएम झूठ बोलने की मशीन, सेट करते हैं गलत नैरेटिव

संवाददाता

रांची। केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि कांग्रेस को ऐसा लग रहा है कि 99 सीटें प्राप्त कर उनने बड़ा तीर मार लिया है। राहुल को चिंदी मिल गयी तो बजाज बन गये। शिवराज सिंह ने कहा कि हमारी 243 और एनडीए के साथ 293 सीटें आईं। लोकसभा में जब अध्यक्ष के चुनाव की बारी आयी तो पूरा इंडी गठबंधन कांग्रेस और उनके साथी मैदान छोड़कर भाग गये। उनको पता था कि बहुत बुरा हारेंगे। क्योंकि, लोकसभा में भारी बहुमत नरेन्द्र मोदी को प्राप्त हुआ है।

शिवराज सिंह चौहान रविवार को राजधानी रांची के धुर्वा स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में आयोजित विजय संकल्प सभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और जेएमएम झूठ बोलने की मशीन हैं। वे गलत नैरेटिव सेट करते हैं। भाजपा कार्यकताओं की पार्टी है। राहुल कभी अग्निवीर के बारे में झूठ बोलते हैं तो कभी झूठ बोलते हैं कि किसानों को एमएसपी नहीं दे रहे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस जहां होगी वहां गड़बड़ होती होगी। हमारी सरकारें सब जगह दे रही हैं।

झामुमो ने कोई वादा पूरा नहीं किया

शिवराज ने कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा ने कितने वादे किये थे। इनके निश्चय पत्र पर सैंकड़ों वादे लिखे हैं। आज मैं जवाब मांग रहा हूं। हेमंत सोरेन हों, कांग्रेस हो या गठबंधन के लोग बताओ कौन सा वादा पूरा किया है। नौजवानों को कहा था, सरकारी नौकरी देंगे। नौकरी नहीं दी तो पांच हजार रुपये स्नातक को और सात हजार रुपये स्नातकोत्तर को बेरोजगारी भत्ता देंगे। बताओ किसी एक को भी बेरोजगारी भत्ता दिया है? नौकरियां मिल रही हैं? कितने बड़े झूठे हैं ये। बहनों से भी कई वादे किये थे कि घर खर्च के लिए दो हजार रुपये महीना देंगे। मैं पढ़कर बता देता हूं, इनने लिखा है कि पूरे राज्य में महिला बैंक की स्थापना की जायेगी। हर गरीब महिला को अपनी आकस्मिक जरूरतों के लिए 50 हजार का कर्ज.बिना किसी गारंटी के आधार कार्ड पर देंगे। बताओ किसी को मिला क्या? मैं नौजवानों से कहता हूं कि जाओ और मांगों पांच हजार रुपये और सात हजार रुपये बेरोजगारी भत्ता।

राहुल पर साधा निशाना

राहुल गांधी द्वारा सदन में दिये गये बयान पर शिवराज ने कहा कि राहुल गांधी को हिंदू के बारे में पता नहीं है। राहुल कहते हैं कि हिंदू हिंसक हैं। राहुल बाबा हिंदुत्व की पहचान तुम क्या जानो? ये मेरा है, ये तेरा है। ये सोच छोटे दिल वालों की होती है। जो विशाल हृदय के होते हैं वो कहते हैं सारी दुनिया ही एक परिवार है। ये हिंदुत्व है। धर्म की जय हो अधर्म का नाश हो ये हिंदुत्व है और केवल मनुष्य में नहीं प्राणियों में सद्भावना हो ये हिंदुत्व है। सब सुखी हों, सब निरोग हों, सबका मंगल हो, सबका कल्याण हो ये हिंदुत्व है और ये भारत की हजारों साल पुरानी परंपरा है।

राज्य में महिलाओं का सम्मान सुरक्षित नहीं

शिवराज ने कहा कि ये कैसी सरकार है? जहां माता, बेटी, बहन की इज्जत सुरक्षित नहीं है। सम्मान सुरक्षित नहीं है। घुसपैठिए खुलकर छेड़ रहे हैं। वो भारत का नहीं है, वो झारखंड का नहीं है। वो आते हैं बांग्लादेश से और वोटों के लालच में आईडी से लेकर आधार बनवाते हैं। जेएमएम और कांग्रेस को कोई चिंता नहीं है। चाहे देश चला जाये लेकिन वोट मिल जाये। वोट के भूखों झारखंड को तबाह और बर्बाद तो मत करो। बाहर से आओ शादी कर लो और उनके नाम से जमीन खरीद लो। उनको चुनाव लडा दो। पंचायतों पर कब्जा कर लो। ये खेल झारखंड को तबाह और बर्बाद कर देगा। शिवराज ने कहा कि मैं केवल सरकार की बात नहीं करता। रोज हत्याएं हो रही हैं। आम आदमी की सुरक्षित नहीं है और मदमस्त सरकार मस्ती में चूर है। उन्होंने कहा कि यदि पांच साल इनकी सरकार और रह गई तो बचाने को कुछ बचेगा नहीं। इसलिए संकल्प लो चाहे कुछ हो जाए। झारखंड की इस पवित्र धरती से लुटेरे और बेईमानों को सरकार हरा के रहोगे। भाजपा की सरकार लाकर रहोगे।

चुनावी रैली के दौरान डोनाल्ड ट्रंप पर हमला

बाल-बाल बचे पूर्व राष्ट्रपति, शूटर ढेर

एजेंसी

वाशिंगटन। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति और रिपब्लिकन नेता डोनाल्ड ट्रम्प पर एक चुनावी रैली के दौरान जानलेवा हमला हुआ है। उन्हें निशाना बनाकर गोली चलाई गई। हालांकि ट्रम्प पूरी तरह सुरक्षित हैं। ट्रम्प पर गोली चलाने वाले हमलावर को सीक्रेट सर्विस के एजेंट्स ने मार गिराया। घटना भारतीय समय के मुताबिक रविवार सुबह 4 बजे हुई। तब अमेरिका में शनिवार शाम 6:30 बजे का समय था।

पेंसिल्वेनिया के बटलर में रैली के दौरान मंच से बोलते समय ट्रम्प पर निशाना साधकर कई गोलियां चलाई गई। इस दौरान ट्रम्प ने अपने दाहिने कान पर हाथ रखा और नीचे झुक गए। सुरक्षाकर्मियों ने तुरंत ट्रम्प को संभाला। एक गोली ट्रम्प के कान को छूते हुए गुजरी। ट्रम्प के चेहरे और कान पर खून नजर आया। शूटर को सुरक्षाकर्मियों ने मार गिराया। सुरक्षाकर्मी ट्रम्प को मंच से उतार कर वहां से ले गए।

घटना के बाद अफरातफरी के बीच ट्रम्प को कड़े सुरक्षा घेरे में जाया गया। सोशल मीडिया पर वायरल हुए वीडियो में ट्रंप के कान से खून बहता देखा जा सकता है। सुरक्षा एजेंसियों के मुताबिक ट्रंप सुरक्षित हैं। इस घटना की चौतरफा निंदा की जा रही है। बाइडन, कमला हैरिस, पूर्व राष्ट्रपति ओबामा ने घटना की निंदा करते हुए साफ कहा कि अमेरिकी समाज में हिंसा की कोई जगह नहीं है।

भारत ने पाक को हराकर जीता पहला डब्लूसीएल खिताब

एजेंसी

नई दिल्ली। बर्मिंघम में खेले गए विश्व चैंपियनशिप ऑफ लीजेंड्स के फाइनल मुकाबले में युवराज सिंह की अगुवाई वाले इंडिया चैंपियंस ने पाकिस्तान चैंपियंस को पांच विकेट से हरा दिया। भारत ने इस टूर्नामेंट का पहला खिताब अपने नाम कर लिया।

इस मुकाबले में पाकिस्तान ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवरों में छह विकेट पर 156 रन बनाए। पाकिस्तान की तरफ से शोएब मलिक ने 41 रनों की तूफानी पारी खेली। इसके जवाब में भारत ने अंबाती रायडू के अर्धशतक की बदौलत 19.1 ओवर में पांच विकेट पर 159 रन बना कर खिताब अपने नाम कर लिया।

157 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय टीम की दमदार शुरुआत हुई। रॉबिन उथप्पा और अंबाती रायडू के बीच पहले विकेट के लिए 34 रनों की साझेदारी हुई। तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए आए सुरेश रैना कुछ खास नहीं कर पाए और चार रन बनाकर पवेलियन लौट गए। इसके बाद गुरकीरत सिंह मान ने मोर्चा संभाला और दो चौकों और एक छक्के की मदद से 34 रनों की पारी खेली। यूसुफ पठान ने 30 रन बनाए। वहीं, युवराज 15 और इरफान पांच रन बनाकर नाबाद रहे। पाकिस्तान के लिए आमिर ने दो विकेट चटकाए जबकि सईद अजमल, वहाब रियाज और शोएब मलिक को एक-एक विकेट मिला।

पीएम मोदी ने हमले को लेकर जताई चिंता, कहा-

लोकतंत्र में हिंसा की जगह नहीं

नई दिल्ली। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति और रिपब्लिकन पार्टी से आगामी चुनाव में राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रम्प पर एक चुनावी रैली के दौरान हुए हमले को लेकर दुनिया भर के राष्ट्राध्यक्षों ने चिंता जताई है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार सुबह एक्स पर पोस्ट कर कहा कि वह अपने 'दोस्त' डोनाल्ड ट्रंप पर हुए हमले को लेकर काफी चिंतित हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर लिखा, 'दोस्त डोनाल्ड ट्रंप पर हमले से काफी चिंतित हूं। इस घटना की कड़ी निंदा करता हूं। राजनीति और लोकतंत्र में हिंसा की कोई जगह नहीं है। उनके जल्द ठीक होने की कामना करता हूं।'

किशनगंज में स्कॉर्पियो और डंपर की टक्कर में पांच लोगों की मौत

एजेंसी

पटना। किशनगंज जिले के पौआखाली नगर पंचायत के पेटभरी के पास एनएच-327ई पर रविवार को स्कॉर्पियो और डंपर की आमने-सामने की टक्कर में पांच लोगों की मौत हो गई जबकि डंपर का चालक घायल हो गया। सभी मृतक अररिया जिले के जोकिहाठ प्रखंड के थपकौल के निवासी थे। ये लोग अररिया से पश्चिम बंगाल के बागड़ोगरा जा रहे थे। स्कार्पियो में एक बच्ची समेत पांच लोग सवार थे, जिनमें सभी की मौत हो गई।

पुलिस के अनुसार स्थानीय प्रशासन और जनता के सहयोग से तुरंत ही घायल को एमजीएम अस्पताल भेजा गया। किशनगंज की जिलाधिकारी नताशा तुषार सिंगला ने इस घटना पर गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि दुख के इस घड़ी में जिला प्रशासन पीड़ित परिवार के साथ खड़ा है और हरसंभव मदद के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया कि ऊपरी जिला परिवहन अधिकारी घटनास्थल पर कैंप कर रहे हैं। अनुमंडलीय किशनगंज, कार्यपालकेडी, ठाकुरगंज, रेड क्रॉस के अधिकारी को एमजीएम अस्पताल में उपस्थित रहकर लगातार स्थिति पर नजर रखने एवं आवश्यक कार्रवाई का निर्देश दिया है। पीड़ित परिवार को अविलंब सड़क दुर्घटना में मिलने वाली क्षतिपूर्ति देने की कार्रवाई की जाएगी। इसके लिए संबंधित को आवश्यक निर्देश दिया जा चुका है।

वायु सेना का एयर शो | 'कारगिल विजय दिवस रजत जयंती' समारोह

सुखोई और राफेल की जोड़ी ने दिखाए आसमानी करतब

एजेंसी

नई दिल्ली। भारतीय वायु सेना ने कारगिल युद्ध में विजय के 25 वर्ष पूरे होने पर सहारनपुर के सरसावा स्टेशन में 'कारगिल विजय दिवस रजत जयंती' समारोह शुरू किया है, जो 26 जुलाई तक चलेगा। सरसावा एयरफोर्स स्टेशन पर वायु सैनिक एक चॉपर से रस्सी के सहारे लटक कर हवा में उड़े, जिसे देखने के बाद दर्शकों का जोश हाई हो गया। एयर शो में फाइटर जेट सुखोई, राफेल, जगुआर, एमआई-17 वी5 हेलीकॉप्टर, एएन-32 और डोर्नियर विमानों ने हैरतअंगेज करतब दिखाए। एक तरफ वायु सेना के हेलीकॉप्टरों ने साथ उड़ान भरी तो दूसरी तरफ फाइटर जेट आसमान को चीरते हुए ऊपर निकल गए।

भारतीय वायु सेना के पास अपने वीर वायु योद्धाओं के साहस और बलिदान की एक गौरवशाली विरासत है, जिन्होंने वर्ष 1999 के कारगिल युद्ध में अदम्य साहस से लड़ाई लड़ी थी। पाकिस्तान पर भारत की यह तीसरी जीत वास्तव में सैन्य विमानन के इतिहास में एक मील का पत्थर था। कारगिल युद्ध (ऑपरेशन सफेद सागर) में भारतीय वायु सेना ने 16 हजार फीट से अधिक की खड़ी ढलान और चक्करदार ऊंचाइयों की चुनौतियों का सामना करने में अपनी सैन्य क्षमता का प्रमाण दिया है। इस युद्ध के दौरान दुश्मन को निशाना बनाने में अद्वितीय परिचालन बाधाएं थीं। इसके बावजूद दुनिया के सबसे ऊंचे युद्धक्षेत्र में लड़े गए इस युद्ध को जीतने के लिए ऑन-द-जॉब-ट्रेनिंग में भारतीय वायु सेना का स्थान श्रेष्ठ रहा।

भारतीय वायु सेना ने कुल मिलाकर लगभग 5000 स्ट्राइक मिशन, 350 टोही, ईएलआईएनटी मिशन और लगभग 800 एस्कॉर्ट उड़ानें भरीं। भारतीय वायु सेना ने घायलों को निकालने और हवाई परिवहन कार्यों के लिए 2000 से अधिक हेलीकॉप्टर उड़ानें भी भरीं। कारगिल विजय दिवस पर देश के लिए सर्वोच्च बलिदान देने वाले शहीदों को सम्मानित किया जाता है। वायु सेना स्टेशन सरसावा की 152 हेलीकॉप्टर यूनिट, 'द माइटी आर्मर' ने ऑपरेशन सफेद सागर के दौरान महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। इस दौरान बलिदान देने वाले चार वायु योद्धाओं का नाम हमेशा के लिए भारतीय वायु सेना के इतिहास में सुनहरे अक्षरों में लिखा जायेगा।

चॉपर से रस्सी के सहारे हवा में उड़े वायु योद्धाओं को देख दर्शकों का जोश हुआ हाई

शहीदों को किया वीरता पदक से सम्मानित

दरअसल, युद्ध के दौरान 28 मई, 99 को 152 एचयू के स्क्वाड्रन लीडर आर पुंडीर, फ्लाइट लेफ्टिनेंट एस मुहिलान, सार्जेंट पीवीएनआर प्रसाद और सार्जेंट आरके साहू को टोलोलिंग में दुश्मन के ठिकानों पर लाइव स्ट्राइक के लिए 'नुबरा' फॉर्मेशन के रूप में उड़ान भरने की जिम्मेदारी दी गई थी। इस हवाई हमले को सफलतापूर्वक अंजाम देने के बाद उनके हेलीकॉप्टर को दुश्मन की स्टिंगर मिसाइल ने मार गिराया, जिसमें चार वीर सैनिकों ने प्राणों का बलिदान दिया। इस असाधारण साहस कार्य के लिए उन्हें मरणोपरांत वायु सेना पदक (वीरता) से सम्मानित किया गया।

जम्मू-कश्मीर के प्रति सदाशयता जरूरी!

महीने में होने वाले विधानसभा के सम्भावित चुनाव से पहले जम्मू-कश्मीर की राज्य सरकार के कई बड़े अधिकार उप राज्यपाल को दिए जाने पर प्रतिक्रिया स्वाभाविक ही है। प्रारम्भिक तौर पर माना गया है कि इस बदलाव से जम्मू-कश्मीर भी दिल्ली राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र की तरह हो जाएगा। दिल्ली में भी विधानसभा है, पर वहां की सरकार को अन्य राज्यों की तरह कई विशेष प्रशासनिक अधिकार नहीं हैं। केंद्र शासित प्रदेशों में ये अधिकार केंद्र के पास रखे जाने के अपने जायज तर्क हैं। जहां तक दिल्ली की बात है, राष्ट्रीय राजधानी होने के कारण दुनियाभर के देशों के दूतावास, वाणिज्यिक कार्यालय आदि यहां मौजूद हैं। दुनियाभर के राजनयिक यहां प्रायः आते रहते हैं। इस तर्क पर आजादी के लंबे समय बाद भी केंद्र में चाहे जो सरकार आए, दिल्ली को अन्य प्रदेशों की तरह राज्य के अधिकार नहीं मिले हैं। इनके साथ अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह, दादर तथा नगर हवेली और दमन एवं दीव, लक्षद्वीप, पुदुच्चेरी, चंडीगढ़ और जम्मू-कश्मीर से हाल में अलग हुए लद्दाख केंद्र शासित प्रदेश हैं। इन स्थानों पर उप राज्यपाल अथवा प्रशासकों की नियुक्ति की जाती है। केंद्र की ओर से ये ही इन प्रदेशों की शासन व्यवस्था देखा करते हैं। इस दृष्टि से जम्मू कश्मीर में भी उप राज्यपाल को विशेष अधिकार प्रथम दृष्ट्या ठीक लगते हैं। इसके बावजूद देखें तो दिल्ली और जम्मू-कश्मीर की अपनी विधानसभाएं हैं। यहां चुनकर आई राज्य सरकार को अन्य राज्यों की तरह अधिकार का नहीं मिलना चर्चा का विषय है। दिल्ली केंद्र शासित प्रदेश में विधानसभा और राज्य सरकार की स्थिति बहुत पुरानी है। यहां विधानसभा होने को लेकर प्रारम्भ में हुए प्रयोग अब समाप्त हो चुके हैं। इसके अलावा यहां की सरकार और उप राज्यपाल के बीच अधिकारों के बंटवारे पर भी अरविंद केजरीवाल की आम आदमी पार्टी की सरकार के आने के पहले कोई विवाद नहीं रहा है। अब दिल्ली सरकार को लगता है कि पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों की नियुक्ति और तबादले जैसे अधिकार भी उनके पास रहें, तो आम लोगों के हक में होगा। जम्मू-कश्मीर का केंद्र शासित होना तो हाल का मसला है। यहां अधिकारों को लेकर विवाद स्वाभाविक है। केंद्र में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी ने नए फैसले को सीमावर्ती राज्य की सुरक्षा को लेकर जरूरी बताया है। वहां दूसरी सबसे बड़ी राष्ट्रीय पार्टी कांग्रेस से लेकर राज्य की पार्टियों ने इस निर्णय को राज्य के हितों के विपरीत ठहराया है। कांग्रेस पार्टी ने कहा है कि नये अध्यादेश से साफ है कि केंद्र अपने वादे के अनुसार निकट भविष्य में जम्मू-कश्मीर को पूर्ण राज्य का दर्जा नहीं देना चाहता। नेशनल कांफ्रेंस नेता और राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला की प्रतिक्रिया और अधिक तीखी है। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर के लोग शक्तिहीन, रबर स्टैम्प सीएम से बेहतर के हकदार हैं। उमर ने जोड़ा कि संशोधन संकेत हैं कि चुनाव नजदीक हैं। तय लगता है कि राज्य विधानसभा चुनाव में प्रदेश के मुख्यमंत्री को 'रबर स्टैम्प'की तरह बना दिए जाने का मुद्दा भी हावी रहेगा।

ज्ञातव्य है कि पांच अगस्त,2019 को केंद्र सरकार ने जम्मू कश्मीर का विशेष राज्य का दर्जा समाप्त करने और राज्य को दो केंद्र शासित प्रदेशों में विभाजित करने का प्रस्ताव संसद में रखा था। इस प्रस्ताव के पारित होने के बाद जहां संविधान का अनुच्छेद 370 निष्प्रभावी हो गया, वहीं राष्ट्रपति के आदेश के जरिए बना 35 ए भी समाप्त हो गया। इसके साथ ही राज्य लद्दाख को अलग कर जम्मू-कश्मीर के साथ इन दोनों को केंद्र शासित राज्य का दर्जा दिया गया। तब सरकार ने वादा किया था कि जम्मू-कश्मीर को जल्द ही फिर से पूर्ण राज्य का दर्जा वापस दे दिया जाएगा। इस अध्यादेश को सुप्रीम कोर्ट में कई याचिकाओं के जरिए चुनौती दी गई थी, जिन्हें निस्तारित करते हुए कोर्ट ने 11 दिसंबर,2023 को केंद्र के फैसले को संवैधानिक ठहराया था। अब केंद्र सरकार ने उसी जम्मू-कश्मीर पुनर्गठन अधिनियम, 2019 में संशोधन करते हुए प्रदेश के उपराज्यपाल को और अधिक अधिकार दिए हैं। इन संशोधनों को जम्मू-कश्मीर केंद्र शासित प्रदेश सरकार संचालन के (द्वितीय संशोधन) नियम, 2024 कहा जाएगा। इसी 12 जुलाई की रात अधिनियम के तहत 'नियमों' में संशोधन करते हुए नई अधिसूचना जारी की गई। कहा गया कि राष्ट्रपति ने जम्मू-कश्मीर केंद्र शासित प्रदेश सरकार के संचालन के नियम, 2019 में संशोधन के बाद नए नियम बनाए हैं। अधिनियम की यह सामान्य प्रक्रिया है। परिणाम यह है कि अब जम्मू-कश्मीर के उप राज्यपाल के पास आईएएस और आईपीएस जैसे अखिल भारतीय सेवा अधिकारियों के तबादलों और नियुक्ति, पुलिस, कानून व्यवस्था के साथ-साथ न्यायिक अधिकारियों की नियुक्ति के मामलों में भी अधिक शक्ति मिल जाएगी। नए नियम में व्यवस्था है कि जिन मामलों में 'पुलिस', 'लोक व्यवस्था', 'अखिल भारतीय सेवा' और 'भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो' के संबंध में वित्त विभाग की पूर्व सहमति की जरूरत होती है, तब तक स्वीकार या अस्वीकार नहीं किए जाएंगे, जब तक कि उन्हें राज्य के मुख्य सचिव के जरिये उपराज्यपाल के समक्ष नहीं रखा जाय। साफ है कि उपराज्यपाल को इस राज्य में महाधिवक्ता और कानून अधिकारियों की नियुक्ति का अधिकार भी मिल गया है।

कुछ बातें गौर करने लायक हैं कि राज्य का विशेष दर्जा समाप्त होने के बाद जम्मू-कश्मीर में राष्ट्रीय ध्वज के साथ अब राज्य का झंडा नहीं लगाया जाता। आतंकी घटनाएं काफी कम हुई हैं। हाल की कुछ घटनाओं को छोड़ दिया जाय तो इसे हर काल-खंड में स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है। विकास की कई योजनाएं धरातल पर दिखने लगी हैं, सड़कों का विस्तार हुआ है, बाहरी पुरुषों से शादी करने वाली महिलाओं को उनकी सम्पत्ति से बेदखल करने का कानून खत्म हो चुका है। एक सरकारी अनुमान के मुताबिक पांच लाख से अधिक युवाओं को स्वरोजगार के लिए मदद दी गई है। यह जरूर है कि लंबे समय तक विशेष राज्य का दर्जा प्राप्त इस प्रदेश के निवासी आज भी केंद्र के हर कदम को 'हिंदुस्तान सरकार का फैसला' बताने के अभ्यस्त हैं। हालांकि इसमें काफी बदलाव आया है और पूरे देश के साथ जुड़ाव को बढ़ावा मिल रहा है। चुनाव होने पर राजनीतिक दलों का दायित्व होगा कि इस भावना के विस्तार में मदद करें। कुछ दल मुख्यमंत्री के अधिकार सीमित करने का मसला उठाएंगे, यह स्वाभाविक ही है। केंद्र को भी जम्मू-कश्मीर को पूर्ण राज्य का दर्जा बहाल कर देने के अपने वादे को याद रखना होगा।

शिक्षा में भारतीय परिवेश



डॉ दिलीप अग्निहोत्री

भारतीय संविधान ने भी विधि के शासन को महत्व दिया गया। विधि शासन हमारे संविधान का अन्तरंग भाग है जिसका सार यह है कि राज्य के अधिकारियों द्वारा अपनी शक्तियों का प्रयोग विधिनुसार होना चाहिये। तैत्तिरीय उपनिषद में उल्लिखित है।

सत्यं वद। धर्मं चर। स्वाध्यायान्मा प्रमदः

किसी विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह के लिए यह सार्थक सन्देश है। यह भारतीय जीवन मूल्यों के अनुरुप है। जिसमें शिक्षा का उद्देश्य रोजगार प्राप्त करना मात्र नहीं है। हमारी संस्कृति में अर्थ और काम तक ही सीमित रहने का विचार नहीं दिया गया। अर्थ और काम धर्म से प्रेरित होने चाहिए। जीवन का अंतिम लक्ष्य मोक्ष होता है। धर्म अर्थ और काम पर अमल करते हुए मोक्ष तक पहुंचने का लक्ष्य होना चाहिए। शिक्षा इसमें सहायक होती है। पाश्चात्य संस्कृति भोगवादी है। हमारे यहां त्याग सहित न्यूनतम उपभोग का विचार दिया गया।लखनऊ के राम मनोहर लोहिया राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भारत के इसी चिंतन को रेखांकित किया।भारत के मुख्य न्यायाधीश डी वाई चन्द्रचूड़ और योगी आदित्यनाथ ने दीक्षांत समारोह को संबोधित किया। योगी आदित्यनाथ ने तैत्तिरीय उपनिषद की पंक्तियों का उल्लेख किया, सत्यम वद धर्म चर' अर्थात सत्य बोलना चाहिए तथा धर्म का आचरण करना चाहिए।धर्म केवल उपासना विधि नहीं है। धर्म नैतिक मूल्यों, सदाचार तथा कर्तव्यों का पर्याय है, जो देश, काल और परिस्थितियों से अप्रभावित होकर हम सभी को सम और विषम परिस्थितियों में कर्तव्यों के प्रति आगाह करता है। अपने कर्तव्यों के प्रति सजग होकर कार्य करना ही हमारा धर्म है। यदि राष्ट्र को साक्षी मानकर कार्य करते हैं, तो भारत की समृद्ध ऋषि परम्परा का प्रतिनिधित्व करते हुए स्वयं को उसका उत्तराधिकारी कह सकते हैं, जिसने तत्कालीन युवाओं के लिए यह उपदेश उस समय रचे थे। हमको यह निर्णय करना है कि बदलाव का मार्ग क्या होना चाहिए क्योंकि हमारे पास दो ही मार्ग होते हैं। यह तो सकारात्मक या नकारात्मक। यदि आपका मार्ग सकारात्मक है तो आपका मार्ग ना केवल न्यायिक क्षेत्र में, बल्कि जीवन के हर क्षेत्र में बहुत उज्ज्वल होगा। यदि रास्तानकारात्मक है तो यह ना तो आपके व्यक्तिगत हित में और ना ही समाज के हित में होगा। सुशासन की पहली शर्त कानून का राज है और हर व्यक्ति इस तंत्र को पसंद करता है। समय पर न्याय देने के लिए इस क्षेत्र के विशेषज्ञ भी उतने ही महत्वपूर्ण हैं। भारत को आज कानून के राज के लिए जाना

जाता है। लोगों की धारणा, देश की धारणा और विश्व की धारणा बदलने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। विश्वास ही सबसे बड़ी संपत्ति है और यह विश्वास बार और बेंच दोनों पर बना रहना चाहिए। इस विश्वास को बनाए रखना हम सभी के लिए सबसे बड़ी चुनौती रही है क्योंकि बदलते वातावरण में लोगों की जरूरतें,तरीके, प्रौद्योगिकी आदि लोगों और इस व्यवस्था को बदल रही है। परिवार के हित व्यक्ति को छोड़ना पड़े तो उसमें परहेज नहीं करना चाहिए। इसी तरह गांव के हित के लिए परिवार, समाज के हित के लिए गांव और राष्ट्र के लिए गांव को छोड़ना पड़े तो परहेज नहीं करना चाहिए। इसलिए राष्ट्र हमारे लिए सर्वश्रेष्ठ होना चाहिए। मुख्य न्यायाधीश डॉ. डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा कि कानून की पढ़ाई हिंदी और क्षेत्रीय भाषा में होनी जरूरी है। उत्तर प्रदेश में रहकर अगर कानून के विद्यार्थी खसरा और खतौनी नहीं जान पाएंगे तो भला आम लोगों की समस्याओं का समाधान कैसे करेंगे। अगर दो किसानों के बीच कोई विवाद या फिर फौजदारी का मुकदमा होता है, ऐसी स्थिति में देशी हथियार और उनकी स्थानीय भाषा में हुई कहासुनी को लेकर अंग्रेजी में बहस करना काफी कठिन काम होगा। देश की विडंबना यह है कि यहां न्यायालय में बहस अंग्रेजी में होती है।सुप्रीम कोर्ट के रिसर्च विभाग को आदेश दिया था। इसमें इक्यासी विश्वविद्यालयों और कालेजों में एक सर्वे से पता चला कि आम जनता को अंग्रेजी न समझने की वजह से उन्हें कई योजनाओं को सही जानकारी नहीं हो पा रही है। ऐसे में कानून की पढ़ाई क्षेत्रीय भाषाओं में भी होनी चाहिए।

नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति राष्ट्र निर्माण के महायज्ञ में बड़ा योगदान देगी। बहुविषयक शिक्षा और अनुसंधान विश्वविद्यालय देश के युवाओं के लिए नए अवसर का सृजन करेगी। यह अंतर अनुशासनात्मक अनुसंधान को बढ़ावा देने के साथ भारत को अनुसंधान एवं विकास का वैश्विक हब बनाने में सहायक होगी। नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति ने भारतीय उच्च शिक्षा प्रणाली के लिए एक नई कल्पना का सूत्रपात किया है। यह एक आत्मनिर्भर भारत के निर्माण से जुड़ी दृष्टि को रेखांकित करने वाली है। विगत एक वर्ष में देश के बारह सौ से ज्यादा उच्च शिक्षण संस्थानों ने स्किल इंडिया से जुड़े कोर्सों की शुरुआत की है। ग्यारह भाषाओं में इंजीनियरिंग की पढ़ाई संभव होगी। फिलहाल पांच भाषाओं में इंजीनियरिंग की पढ़ाई शुरू होगी। ग्यारह अन्य भाषाओं में इंजीनियरिंग के कोर्स का अनुवाद शुरू हो चुका है। मातृभाषा में पढ़ाई से गरीबों का बच्चों का आत्मविश्वास बढ़ेगा। प्रारंभिक शिक्षा में भी मातृभाषा को प्रमोट करने का काम शुरू हो गया है। किसी भी देश की शिक्षा व्यवस्था वहां के परिवेश के अनुकूल होनी चाहिए। इसमें उसकी भाषा,सभ्यता संस्कृति,सामाजिक मूल्यों को समुचित स्थान मिलना चाहिए। ऐसी शिक्षा नीति ही राष्ट्रीय स्वाभिमान का जागरण करती है। अंग्रेजों द्वारा भारत में शुरू की गई शिक्षा राष्ट्रीय स्वाभिमान को हीनता में बदलने वाली थी। शिक्षा केवल बाबू बनाने के लिए होगी, तो उससे व्यक्ति समाज और राष्ट्र का अपेक्षित लाभ नहीं हो सकता। मानवीय दृष्टिकोण का भाव भी होना चाहिए। भारत में तो जीवन का अंतिम लक्ष्य मोक्ष बताया गया। उसी के अनुरूप सभी कार्यों का संदेश दिया गया। आधुनिक युग में होने वाले सकारात्मक बदलाव की स्वीकार करना अनुचित नहीं। लेकिन यह सब अपनी महान विरासत के प्रतिकूल नहीं होना चाहिए। विदेशी आक्रांताओं से कोई अपेक्षा नहीं थी। किंतु स्वतन्त्र भारत की शिक्षा नीति में परिवेश के अनुकूल परिवर्तन की उम्मीद थी। यह नहीं हो सका। वर्तमान सरकार ने इस दिशा में कदम उठाया है। तीन दशकों बाद केंद्र में शिक्षा नाम प्रतिष्ठित हुआ। मानव संसाधन इसका विकल्प नहीं था। शिक्षा स्वयं में बहुत व्यापक अनुभूति का शब्द है। व्यक्ति समाज व राष्ट्र के सम्पूर्ण संचालन को यह प्रभावित करने वाला शब्द है। नाम में सुधार के साथ समय के अनुकूल व्यापक सुधार किए गए है। अगले दशक तक पूर्व विद्यालय से माध्यमिक स्तर तक की शिक्षा का सार्वभौमिकरण किया जाएगा। स्कूल से दूर रह रहे दो करोड़ बच्चों को फिर से मुख्य धारा में लाएगा। प्राथमिक शिक्षा में बड़े बदलाव किए जाएंगे। स्कूली पाठ्यक्रम को व्यवहारिक बनाया जाएगा। बुनियादी योग्यता को महत्व दिया जाएगा। क्लास छह से व्यावसायिक शिक्षा प्रारंभ हो जाएगी। पांचवीं कक्षा तक मातृभाषा क्षेत्रीय भाषा में पढ़ाई होगी। उच्च शिक्षा में अवसर बढ़ेंगे। इसके पाठ्यक्रम में विषयों की विविधता होगी। ट्रांसफर ऑफ क्रेडिट की सुविधा के लिए अकादमिक बैंक ऑफ क्रेडिट की स्थापना हो रही है। संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए राष्ट्रीय अनुसंधान फाउंडेशन की स्थापना की जाएगी। महाविद्यालयों को पन्द्रह वर्षों में चरणबद्ध स्वायत्तता के साथ संबद्धता प्रणाली पूरी की जाएगी। नई शिक्षा नीति स्कूली और उच्च शिक्षा दोनों में बहुभाषावाद को बढ़ावा देती है।

कहीं पाक के कटोरे में भीख देना बंद ना कर दे चीन

आरके सिन्हा

पाकिस्तान लगातार भारत में आतंकवादी हरकतों को अंजाम देता रहा है। मुंबई में 2008 में हुए हमलों से लेकर कठुआ, पठानकोट और उरी वगैरह में उसने आतंक फैलाया है। पर अब पाकिस्तान खुद ही अपने द्वारा लगाये आतंकवाद की आग में स्वाहा हो रहा है। वह भयभीत है। डर का कारण चीन का नाराज होना है। पाकिस्तान में चीनी नागरिकों के मारे जाने के कारण चीन सरकार उससे सख्त नाराज है। इसलिए सारे पाकिस्तान में चीनी नागरिकों को अब खास सुरक्षा दी जा रही है, जो पाकिस्तान में चीन की मदद से चल रही परियोजनाओं में काम कर रहे हैं। चीनी नागरिकों की सुरक्षा के लिए इस्लामाबाद में एक नया पुलिस बल भी बनाया गया है। ये सब इसलिए हो रहा है, क्योंकि चीनी वित्त पोषित मेगा परियोजनाओं को निशाना बनाया जा रहा है। इनमें काम करने वाले चीनियों को आतंकवादी चुन-चुन कर मार रहे हैं। इन हमलों के कारण ऊर्जा और इंफ्रास्ट्रक्चर से जुड़ी परियोजनाएं खतरे में हैं।

चीन ने पाकिस्तान में अपना बड़े स्तर पर निवेश करना 2015 शुरू किया था। चीन की योजना थी कि वह पाकिस्तान में 60 अरब डॉलर का निवेश विभिन्न परियोजनाओं में करे। इस वक्त हजारों चीनी कामगार और इंजीनियर पाकिस्तान में हैं। पाकिस्तान को अफगानिस्तान में युद्ध समाप्त होने के बाद अमेरिका से मदद मिलनी बंद हो गई थी। उसके बाद, उसे चीनी निवेश का ही एक मात्र सहारा था। उस पर भी फिलहाल तो ग्रहण लग गया दिखता है। पिछले तीन वर्षों में, पाकिस्तान में आतंकवादी समूह फिर से उभरे हैं। इस दौरान आतंकवादी हमलों की संख्या में वृद्धि हुई है। इसका असर चीनी परियोजनाओं पर खूब ज्यादा हुआ है। इस कारण से चीन से पोषित परियोजनाओं पर काम ठंडा पड़ने लगा है। पिछले मार्च के महीने के अंत में, सशस्त्र आतंकियों ने अरब सागर के दक्षिण-पश्चिमी तट पर स्थित ग्वादर में चीनी निर्मित और संचालित बंदरगाह को निशाना बनाया, जिसमें दो पाकिस्तानी सुरक्षा अधिकारियों की मौत हो गई। कुछ दिनों बाद, आतंकवादियों ने देश के दूसरे सबसे बड़े एयर बेसपर हमला किया। यह बलूचिस्तान में है। यहाँ भी चीनी नागरिक सक्रिय थे। बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी ने इस हमले की जिम्मेदारी ली थी। पाकिस्तान में चीनी नागरिकों पर हमले थमने का नाम ही नहीं ले रहे हैं। कुछ समय पहले पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा में एक जलविद्युत परियोजना पर आत्मघाती हमला हुआ था, जिसमें पांच चीनियों की मौत हो गई। इसके बाद चीनी कंपनियों ने कम से कम तीन महत्वपूर्ण जलविद्युत परियोजनाओं पर अपना काम रोक दिया था। ये परियोजनाए थीं- दासू बांध, डायमर-बाशा बांध और तारबेला पांचवां एक्सटेंशन। खैबर पख्तूनख्वा सीमांत गांधी के प्रभाव वाला क्षेत्र रहा है। चीनियों पर हमले खैबर पख्तूनख्वा के अलावा बलूचिस्तान में भी हो रहे हैं। खैबर पख्तूनख्वा और बलूचिस्तान सटे हुए अफगानिस्तान से।

पाकिस्तान के मशहूर अखबार दि डॉन में 1 अप्रैल, 2024 को छपी एक खबर के अनुसार, इस साल के पहले तीन महीनों में देश के दो प्रमुख राज्यों क्रमशः खैबर पख्तूनख्वा और बलूचिस्तान में बीते साल की इसी अवधि की तुलना में आतंकी और हिंसक वारदातों में 92 और 86 फीसद बढ़ोतरी हुई है। जाहिर है, अपने नागरिकों पर हमले के कारण चीन नाराज है। पाकिस्तान चीन को अपना सबसे भरोसे का मित्र कहता है। चीन के नाराज होने से पाकिस्तान की सांसें रूक रही हैं। पाकिस्तान से मिल रही खबरों पर यकीन करें तो कुछ चीनी नागरिक अपनी जान को खतरा होने के कारण पाकिस्तान छोड़ने पर विचार कर रहे हैं। पाकिस्तानी सरकार बार-बार अपराधियों को पकड़ने का वादा कर रही है। लेकिन, हो कुछ नहीं रहा है। चीनियों पर हो रहे हमलों के लिए तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी), बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी और इस्लामिक स्टेट-खुरासान को जिम्मेदार माना जा रहा है। ये तीनों इस्लामिक आतंकी संगठन अब पाकिस्तान सरकार के खिलाफ लगभग जंग छेड़े हुए हैं। खैबर पख्तूनख्वा के हजारा और कोहिस्तान इलाकों को बहुत बीहड़ माना जाता है। ये क्षेत्र हत्याओं, लड़कियों के स्कूलों को जलाने और शिया मुसलमानों की हत्याओं के कारण कुख्यात रहे हैं। अब ये चीनी नागरिकों को मारने के कारण भी खबरों में रहने लगे हैं। खैबर में सरकार नाम की कोई चीज नहीं है। इधर सरकार का डर या इकबाल खत्म हो चुका है। यहां पुलिस, सरकारी अफसर या राजनीतिक नेतृत्व आतंकियों के सामने आत्मसमर्पण कर चुके हैं। इस बात की संभावना न के बराबर है कि इधर चीनियों पर हमले थमेंगे। खैबर पख्तूनख्वा अंधकार युग में जा चुका है। सवाल यह है कि चीनी नागरिकों को क्यों निशाना बनाया जा रहा है? देखा जाए तो यह वहां पर वे विकास परियोजनाओं को खड़ा कर रहे हैं। दरअसल बलूचिस्तान और खैबर के लोगों का कहना है कि उनके यहां लगने वाली परियोजनाओं का स्थानीय जनता को लाभ नहीं मिलता। सारी मलाई पंजाब का खा जाता है। इसका विरोध करने के लिए ही चीनियों पर हमले हो रहे हैं। पाकिस्तान की सेना और सरकार का मतलब पंजाब ही है।

बलूचिस्तान में पंजाबी विरोधी आंदोलन से पाकिस्तान सरकार की नींद बुरी तरह उड़ी हुई है। उसका इस बलूचों के आंदोलन के कारण परेशान होना समझ भी आता है। इधर ही चीन की मदद से 790 किलोमीटर लंबा ग्वादर पोर्ट बन रहा है। पाकिस्तान को लगता है कि ग्वादर पोर्ट के बन जाने से देश की तकदीर बदल जाएगी। पर बलूचिस्तान के अवाम को यह नहीं लगता है। उसका मानना है कि ग्वादर पोर्ट बनने से सिर्फ पंजाब के हितों को ही लाभ होगा। बलूचिस्तान की जनता को लगता है कि उनके क्षेत्र के संसाधनों से पंजाब और पंजाबियों का ही पेट भरा जाएगा। इसलिए ही बलूचिस्तान में पंजाबियों से घोर नफरत की जाती है। बलूचिस्तान पाकिस्तान से शुरू से ही अलग होना चाहता है। वह 1947 में ही भारत का अंग बनना चाहता था जिसे नेहरू जी ने जबर्दस्ती पाकिस्तान की झोली में डाल दिया था। पाकिस्तान सेना की ताकत ने ही उसे पाकिस्तान का हिस्सा बनाकर रखा हुआ है। पिछले महीने, पाकिस्तान के प्रधानमंत्री, शहबाज शरीफ, बीजिंग गए थे। वे चीन के शिखर नेता शी जिनपिंग से मिले। लेकिन, इस यात्रा का कोई ठोस निष्कर्ष नहीं निकला। क्योंकि चीन से पाकिस्तान में निवेश करने को लेकर कोई वादा नहीं किया। चीन ने पाकिस्तान में चीनियों पर हमलों पर नाराजगी जताई। यकीन मानिए कि अगर चीन ने पाकिस्तान के कटोरे में भीख डालना बंद कर दिया तो पाकिस्तान तो पूरी तरह बर्बाद हो जाएगा।

(लेखक वरिष्ठ संपादक, स्तंभकार और पूर्व सांसद हैं)

आरएसएस से नफरत करनेवालों को रिटायर्ड जस्टिस चितरंजन दास की बातों को गंभीरता से लेना चाहिए

डॉ. मयंक चतुर्वेदी

समय कभी ठहरता नहीं, वक्त की गति के साथ जो ताल से ताल मिलाकर चलता है, वह इतिहास नहीं बनता, अपने समय में वह सदैव वर्तमान बना रहता है। एकात्म मानवदर्शन के प्रणेता पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने राष्ट्र की चितिका जिक्र अपने भाषणों में कई बार किया था। उनके अनुसार 'जब लोगों का एक समूह किसी लक्ष्य, आदर्श, मिशन के साथ रहता है और किसी खास भूमि के टुकड़े को मातृभूमि के रूप में देखता है, तो यह समूह एक राष्ट्र का निर्माण करता है। अगर दोनों में से कोई एक-आदर्श और मातृभूमि नहीं है, तो कोई राष्ट्र नहीं है। किसी राष्ट्र का आदर्श या मूल सिद्धांत उसकी आत्मा है। एक व्यक्ति के मामले में, उसकी आत्मा बार-बार जन्म ले सकती है। हर बार एक अलग अस्तित्व होता है, लेकिन आत्मा एक ही होती है। इसी तरह, एक राष्ट्र की एक आत्मा होती है। इसका तकनीकी नाम 'चिति' है। चिति मौलिक है और राष्ट्र के लिए इसकी शुरुआत से ही केंद्रीय है। व्यक्ति राष्ट्र की आत्मा 'चिति' को सामने लाने का भी साधन है। इस प्रकार व्यक्ति अपने स्वयं के अलावा राष्ट्र का भी प्रतिनिधित्व करता है।' भारत के परिप्रेक्ष्य में इस चिति की समीक्षा करें तो यह अनन्त काल से यहां की हवा में स्व स्फुरित है। कई बार इसकी गति कम और अनेक बार तेज होती दिखती है। कई धाराओं में प्रवाहमान भी यह देखी जाती रही है। ऐसे में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ यानी आरएसएस वह संगठन है, जो इन अनेक धाराओं को राष्ट्र की चिति की पुष्टता के लिए एक साथ जोड़कर आगे बढ़ते रहने की प्रेरणा का काम करता हुआ दिखाई देता है। इसमें भी सुखद यह है कि संघ अपने इस कार्य को अनेक अलोचनाओं को सहते-सुनते पिछले 99 सालों से अनवरत कर रहा है।

सांप्रदायिक, हिंदूवादी, फासीवादी, धर्मनिरपेक्षता का दुश्मन, सांप्रदायकिता की खाई खोदनेवाला और इसी तरह के अन्य न जानें कितने शब्दों एवं उपमाओं से संघ को लगातार नवाजा जा रहा है। उसे अपमानित करने का कोई एक पल भी उसकी बातों में असहमति रखनेवाले छोड़ना नहीं चाहते, किंतु संघ है कि इन सभी बातों पर बिना कोई प्रतिक्रिया दिए धैर्य के साथ अपने कार्य में जुटा हुआ है और वह कार्य प्रारंभ से अंत तक एक ही है, अनेक धाराओं को एक साथ लाकर राष्ट्र की चिति को मजबूत करना। इसलिए संघ कभी अतीत नहीं हुआ, वह वर्तमान है।

आज कलकत्ता और ओडिशा हाई कोर्ट में जज रह चुके रिटायर्ड जस्टिस चितरंजन दास यह कहकर और इस संगठन के बारे में स्पष्ट कर देते हैं कि मैं आरएसएस में था, यह कोई अछूत संगठन नहीं। किसी को अपनी पहचान छिपाने की जरूरत नहीं है। एक जज रहते हुए उन्होंने संविधान के मुताबिक काम किया और उनकी व्यक्तिगत विचारधारा कभी आड़े नहीं आई। संघ में हर विचारधारा के लोग रहते हैं और यह संगठन किसी को किसी विचारधारा के लिए बाध्य नहीं करता है।

जस्टिस दास इस बात पर भी जोर देते हैं कि आरएसएस अपने 100 साल पूरे करने जा रहा है। आरएसएस को कई लोग अछूत

संगठन मानते हैं लेकिन इस संगठन ने किसी के माइंड वॉश की कोशिश कभी नहीं की। मुझे इसका व्यक्तिगत अनुभव है। आरएसएस लोगों के व्यक्तित्व को निखारता है। यह लोगों को अच्छा नागरिक बनाता है और चाहे कोई प्रधानमंत्री हो, जज या कलेक्टर हो। हर किसी को राष्ट्रभक्ति की प्रेरणा देता है। यह सच है कि संघ कोई क्रांतिकारी संगठन नहीं, लेकिन इतिहास में पता चलता है कि इंदिरा गांधी को भी आरएसएस की मदद लेनी पड़ी थी। चीन से युद्ध के समय भी संघ ने काफी काम किया था। ये चीजें लोगों को बताई नहीं जाती हैं। आरएसएस यही कहता है कि आपको अपने कार्य के प्रति प्रतिबद्ध रहना है। कई लोगों ने गलत जानकारी देकर इस संगठन की छवि धूमिल करने की कोशिश की जाती रही है।

वस्तुतः यहां जस्टिस दास पुनः स्पष्ट करते चलते हैं कि (रास्वसंघ) इससे मेरा काम कभी प्रभावित नहीं हुआ। एक जज रहते हुए मैं संविधान के प्रति वफादार रहा। आप हमारे कई फैसले देख सकते हैं। आरएसएस आपसे कभी राइट या लेफ्ट में जाने को नहीं कहता है। कई बार हमारे फैसलों में कांग्रेस और टीएमसी नेताओं को भी राहत मिली। मैंने यह कभी नहीं सोचा कि जो बीजेपी के खिलाफ हैं वे हमारे दुश्मन हैं। हमने कानून के मुताबिक ही सबके साथ व्यवहार किया और यही आरएसएस की मूल दृष्टि है। व्यक्ति जहां है, जिस भी दायित्व पर है, वहां रहते हुए वह अपने राष्ट्र के हित में अपना सर्वस्व समर्पति करे।

निश्चित ही यहां जस्टिस दास के आरएसएस को लेकर आए अनुभव को जानने के बाद यही कहना होगा कि प्रतिदिन संघ में की जानेवाली उसकी प्रार्थना एक स्वयंसेवक को इतना अधिक अपने राष्ट्र के लिए समर्पति हो जाने की प्रेरणा देती है कि उसके लिए फिर राष्ट्र की सर्वोच्चता ही महत्व रखती है, जिसमें कि स्वयं को वह विलीन कर देने में ही अपनी सार्थकता समझता है और इसी में अपने जीवन की धन्यता स्वीकारता है।

प्रार्थना के प्रथम श्लोक स्वयंसेवक मातृभूमि के प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त करता है। मातृभूमि को सर्वोच्च स्थान पर रखते हुए इस मातृभूमि की विशेषताओं का स्मरण कर उसके लिए स्वयं को समर्पित करने का संकल्प लेता है। "मातृभूमि के प्रति मेरा सर्वस्वार्पण हो जाये ऐसी अभिलाषा स्वयंसेवक "पतत्वेष कायो" के रूप में व्यक्त करता है। समर्पण केवल एक वचन में अर्थात स्वयं का ही होता है। कोई दूसरा बलिदान करेगा तब में करूँगा या हम सब बलिदान करेंगे यहां ऐसा बिल्कुल नहीं है।"

संपूर्ण प्रार्थना में पांच गुण स्वयंसेवक अपने लिए भारत माता से मांगता है। ये पांच गुण हैं, एक - अजेय शक्ति (ऐसी शक्ति जिसको विश्व में कोई जीत न सके)। दो- सुशील (ऐसा श्रेष्ठ शील (चरित्र) मांगा है, जिसके समक्ष सम्पूर्ण विश्व नतमस्तक हो जाये)। तीन- श्रुतं (ऐसा ज्ञान भी माँगा है जो सभी कठिनाईयों तथा समस्याओं में से मार्ग प्रशस्त कर दे तथा कभी कोई विभ्रम न हो)। स्वयं स्वीकृतं कण्टकाकीर्ण मार्गम के माध्यम से कहा गया है, कष्टों (चुनौतियों) से भरा यह कार्य हमने अपने मन, बुद्धि और आत्मा से स्वयं के लिए स्वीकार किया है। चार- वीरव्रत (समुत्कर्ष निःश्रेयस - इस लोक तथा ऊध्र्वलोक का उत्कर्ष (वैभव) ऐहिक एवं पारलौकिक कल्याण तथा मोक्ष दोनों वीरव्रती को ही मिलते हैं। ऐसा वीरव्रत भी ईश्वर से माँगा है। (वीरव्रत अर्थात विषम परिस्थितियों में भी जो धैर्य रखते हुए अपने लक्ष्य की और अग्रसर रहे वीरव्रती कहलाता है)। पांच-अक्षय ध्येयनिष्ठा (जीवन में ध्येय का स्मरण और उसके प्रति निष्ठा अक्षय बनी रहे यानी कि जीवन की अन्तिम श्वास तक इस कार्य के प्रति मेरी भावनाएं तथा मेरा समर्पण बाधित या समाप्त न हो। ऐसे आशीर्वाद के रूप में "ध्येय निष्ठा" अन्तिम गुण माँगा गया है)।

निश्चित ही इन गुणों से आबद्ध स्वयंसेवक हंसते हुए अपनी सभी आलोचनाओं को सह जाता है। लोग उसे बदनाम करने के लिए तरह-तरह के प्रपंच रचते हैं, किंतु संघ और स्वयंसेवक दिन-रात अपने राष्ट्र कार्य में लगे हुए हैं। इसलिए संघ को बदनाम करने का नैरेटिव बार-बार ध्वस्त होता है। अपने जन्मकाल से अब तक इतिहास में संघ अपने को बार-बार सिद्ध करता रहा है। आज स्वयंसेवक हर दिशा में और हर क्षेत्र में सेवाकार्य करते हुए भारत माता को शक्ति सम्पन्न और वैभव संपन्न बनाने की दिशा में अग्रसर हैं। सच कहें तो जस्टिस दास की कहीं बातें इसका यथार्थ चित्रण ही है। अब आरएसएस का बेकार में बिना जाने विरोध करनेवाले और आलोचना करने वाले इस मर्म को समझेंगे जरूर, यही आशा है।

(लेखक, हिन्दुस्थान समाचार से संबद्ध हैं।)

न्यूट अपडेट

केन्द्रीय कृषि और किसान कल्याण राज्य मंत्री ने कि निवास पर जन सुनवाई

चमकता राजस्थान, रघुनंदन पारीक श्रीनगर /अजमेर। क्षेत्रवासियों ने पिछली जन सुनवाई के दौरान हुए काम पूर्ण होने पर केन्द्रीय मंत्री का आभार जताया ,केन्द्रीय मंत्री भागीरथ चौधरी निवास पर आज जनु सुनवाई के दौरान विभिन्न क्षेत्रों से जन सुनवाई के दौरान अपनी समस्याएं चौधरी के समक्ष रखी , एशोसिएशन ऑफ रेल्वे नर्सेज ऑफ इण्डिया ने मण्डल रेल्वे चिकित्सालय अजमेर से नर्सिंग संवर्ग के पदों के सम्बन्ध में ज्ञापन दे कर अजमेर में नर्सिंग कर्मियों के पदों को बनाए रखने के सम्बन्ध में ज्ञापन दिया इस पर केन्द्रीय मंत्री ने महाप्रबन्धक उत्तर पश्चिम रेल्वे से दूरभाष पर बात कर समस्या के समाधान के निर्देश दिए। किसान और विद्यार्थी वर्ग के एक समूह ने चौधरी को अवगत कराया कि अजमेर जिले में एक भी राजकीय कृषि महाविद्यालय वर्तमान में संचालित नही है अतः अजमेर जिले में नवीन राजकीय कृषि महाविद्यालय संचालन की मांग पर माननीय मंत्री ने कृषि विश्वविद्यालय जोबनेर से दूरभाष पर बात कर इस सम्बन्ध में कृषि महाविद्यालय खोले जाने हेतु प्रस्ताव राज्य सरकार को भिजवाने के निर्देश प्रदान किए । श्री नामदेव समाज टांक क्षत्रिय दर्जी विकास समिति एवं शोध संस्थान ने जनसुनवाई के दौरान ज्ञापन दे कर श्री नामदेव ट्रस्ट हरिद्वारा की भूमि पर अतिक्रमण और विवाह के सम्बन्ध में चौधरी को अवगत कराया चौधरी ने उत्तराखंड के मुख्यमंत्री से इस सम्बन्ध में बात कर नामदेव समाज की समस्या के निर्धारण का आग्रह किया जिस पर नामदेव समाज के प्रतिनिधि मण्डल को सोमवार को मुख्यमंत्री कार्यालय बुलाया गया । अरांई के गोठियाना से आए ग्रामीणों और जन प्रतिनिधियों ने खान एवं भू विज्ञान विभाग अजमेर द्वारा अरांई उपखण्ड के गोठियाना ग्राम पंचायत के राजस्व ग्राम में गोठियाना में अप्रधान खनिज लीज के लिए प्रस्तावित ई - निलामी रूकवाने के सम्बन्ध में ज्ञपन दिया जिस पर खनिज विभाग के खनिज अभियंता को दुरभाष पर आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया, पिछली जन सुनवाई में ऐसे ही प्रकरण पर ग्राम पंचायत देवपुरी के सरपंच ने ज्ञापन दे कर इन्दौली एवं भारला में खनिज ग्रेनाईट के प्लॉट ई - ऑक्शन हेतु चिन्हीत किए ग्रए ग्रामवासियों के जन सुनवाई में उपस्थित हो कर इस ई ऑक्शन के सम्बन्ध में आपत्ति दर्ज की गई थी जिस पर केन्द्रीय मंत्री ने आवश्यक कार्यवाही हेतु खनिज अभियन्ता को दुरभाष पर निर्देश दिये थे, उक्त निलामी स्थगित होने पर ग्रामवासियों ने कृषि मंत्री चौधरी का स्वागत व आभार व्यक्त किया।

ब्रज नगर में सांसद संजना जाटव का किया स्वागत

चमकता राजस्थान, भरतपुर (राजवीर सिंह)। ब्रज नगर जाटव विकास समिति भरतपुर के नेतृत्व में सांसद पद पर संजना जाटव के निर्वाचित होने पर अंबेडकर पार्क ब्रजनगर पर स्वागत समारोह आयोजित किया गया मुख्य अतिथि सांसद संजना जाटव तथा सांसद पति कप्तान कप्तान सिंह ने बाबासाहब डॉ भीम राव अंबेडकर तथा संत रविदास के चित्र पर माल्यार्पण कर समारोह का शुभारंभ किया गया उसके बाद कॉलोनी के लोगो ने सांसद तथा मुख्य अतिथि संजना जाटव का चांदी का मुकट, साल तथा माला पहनाकर स्वागत किया गया तथा अन्य अतिथि सांसद पति कप्तान सिंह, रंजीत सिंह जाटव, विनय सिंगल, नीरज पूर्व सरपंच, दया राम पचौरी, शहर अध्यक्ष, अशोक ताम्बी जिला प्रवक्ता, अवधेश कुमार शर्मा शहर उपाध्यक्ष,गजेंद्र सिंह, धीरज सिंह चिकसाना, बच्चू सिंह बैध का माला साफा से स्वागत किया गया और समिति के अध्यक्ष द्वारा मांगपत्र पढ़ा गया जिसमे कॉलोनी में टूटी हुई सड़को, नालियों तथा अंबेडकर पार्क में स्टोर कक्ष तथा शौचालय निर्माण की मांग रखी गई जिसको सांसद महोदया ने अपने संबोधन में मागपत्र को मानते हुए जल्द ही समाधान करने का भरोसा दिलाया गया सांसद महोदया का सभागार में उपस्थिति सभी महिलाओं द्वारा बारी बारी से माल्यार्पण कर स्वागत किया गया जिससे उनको बहुत खुशी का अनुभव हुआ सांसद महोदया के प्रथम बार निर्वाचित होने के बाद अंबेडकर पार्क में पधारे की खुशी को यादगार बनाने के लिए समिति द्वारा एक पौधारोपण किया गया समारोह के समापन पर समिति अध्यक्ष सतीश कुमार द्वारा सभी आगुंतको को धन्यवाद दिया गया इस मौके महासचिव मुकेश पिप्पल, कोषाध्यक्ष मांगी लाल, किशोर लुहासिया, नरेश कैन, गिर्राज सिंह, मंगतू राम, मोहन सिंह खेमरा,नरदेव स्वामी, सुखदेव स्वामी, चरन सिंह,हरभान सिंह, सौरव सिंह, ओमप्रकाश पप्पन, करन सिंह, भगवान सिंह, विजय सिंह खेड़ा, विजय सिंह लुहासिया, लक्ष्मण सिंह, भूप सिंह, सुनील कुमार, दोजी राम, डॉ रूपेंद्र झा, राम सिंह रेंजर, रमन लाल, हरी सिंह, राम नरेश, सुरेन्द्र सिंह, सुगड़ सिंह, हुक्म सिंह सरपंच, मदन लाल, सुशील निराला, रामप्रसाद, अजब सिंह , रामदास , पंचम कुसुम, जितेंद्र कुमार बेवर, मोहन लाल सिही, दुर्जन सिंह, सुरेश बांसी, योगेश सिंह छेक्कना, भगवान सिंह पुठ, हरदेव सिंह, मोहन सिंह मोरोली, जीतू, टोनी, अमित कुमार आदि कॉलोनी के लोग उपस्थित थे।

कस्बे में साधु साध्वियों का हुवा मंगल प्रवेश

चमकता राजस्थान, चौमहला /झालावाड़। कस्बे में चातुर्मास की आराधना के लिए जैन संत इंद्रेश मुनि ठाणा 3, साध्वी सौम्य रत्ना श्रीजी महाराज का भव्य मंगल प्रवेश हुआ,साध्वी जी महाराज की अगवानी में जैन समाज का जन सैलाब उमड़ पड़ा,मंगल प्रवेश में चौमहला गंगधार सहित कई शहरों कस्बों से जैन समाज के लोगो ने भाग लिया।

कस्बे के जैन मंदिर उपाश्रय में चातुर्मास की आराधना साध्वीवर्या सौम्य रत्ना श्रीजी ,पुनित रत्ना श्रीजी, आग रत्ना श्रीजी, ऋषि रत्ना श्रीजी, महर्षि रत्ना श्रीजी, परार्थ रत्ना श्रीजी, गीतार्थ रत्ना श्रीजी महाराज की निश्रा में की जाएगी। जिनका मंगल प्रवेश रविवार को सुबह 9 बजे जैन अथिति गृह से बैंड-बाजे,ढोल नगाड़ों के साथ हुआ। इस दौरान महिलाएं सर पर कलश लेकर अगवानी कर रही थी वही बालिका मंडल बहु मंडल डांडिया की प्रस्तुति देते चल रही थी। युवा ढोल की थाप पर थिरकते हुए चल रहे थे, रास्ते में जगह जगह साध्वी मंडल को अक्षत चावल से गवली कर बंधाया गया।प्रवेश जुलूस कस्बे के मुख्य मार्गों से होते हुए सत्यनारायण मंदिर पहुंचा। जहा साध्वी सौम्य रत्ना श्रीजी के मांगलिक प्रवचन हुए। मंगल प्रवेश को लेकर कस्बे में जगह जगह होर्डिंग बैनर स्वागत द्वार लगाए गए तथा जुलूस के दौरान रास्ते में जगह जगह रंगोली बनाई गई।

रांची राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का अखिल भारतीय प्रांत प्रचारक बैठक सम्पन्न

चमकता राजस्थान

जयपुर। रांची राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के द्वारा अखिल भारतीय प्रांत प्रचारक बैठक 12 जुलाई से लेकर 14 जुलाई तक रांची के सरला बिरला विश्वविद्यालय में सम्पन्न हुई। इस बैठक में संघ के विभिन्न कार्य योजनाओं पर चर्चा और समीक्षा की गयी । प्रेस ब्रीफिंग में अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख सुनील आंबेकर ने कहा कि संघ के दृष्टिकोण से पूरे देश भर में 46 प्रांत हैं। उन्होंने प्रेस ब्रीफिंग में बताया कि देश की युवा शक्ति काफी संख्या में संघ से जुड़ने की इच्छा व्यक्त कर रही है, और जुड़ भी रहे हैं. संघ ने वर्ष 2012 में ज्वाइन आरएसएस (वेबसाइट के माध्यम से ऑनलाइन) के तहत एक ऑनलाइन माध्यम प्रारंभ किया था. इसके अंतर्गत ऑनलाइन माध्यम से प्रतिवर्ष एक से सवा लाख लोग संघ के साथ विविध गतिविधियों में जुड़ रहे हैं. इस वर्ष भी जून के अंत तक 66529 लोगों ने संपर्क कर संघ से जुड़ने की इच्छा व्यक्त की है.

इस वर्ष से संघ प्रशिक्षण वर्गों की रचना व पाठ्यक्रम में परिवर्तन किया गया है. देशभर में 40 वर्ष से कम आयु के स्वयंसेवकों के लिए इस वर्ष कुल 72 वर्ग (संघ शिक्षा वर्ग - 60, कार्यकर्ता विकास वर्ग प्रथम झ 11, कार्यकर्ता विकास वर्ग द्वितीय - 1) आयोजित हुए, इनमें कुल 20615 लोगों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया. 40 से 65 वर्ष की आयु के लोगों के लिए आयोजित 18 वर्गों में 3335 शिक्षार्थियों ने भाग लिया. पिछले वर्ष आयोजित प्राथमिक शिक्षा वर्गों में एक लाख

नए लोगों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया. ऐसे ही नई रचना में सामान्य स्वयंसेवकों के लिए पहली बार प्रारंभिक वर्गों (तीन दिवसीय) का आयोजन देशभर में हो रहा है, जिसमें प्राथमिक से दोगुनी संख्या में युवा सहभागी हो रहे हैं.

सुनील आंबेकर जी ने रांची में अखिल भारतीय प्रांत प्रचारक बैठक के अंतिम दिन आयोजित प्रेस वार्ता में बैठक के संबंध में जानकारी प्रदान की. उन्होंने बताया कि बैठक में कुल 227 कार्यकर्ता देशभर से अपेक्षित थे. बैठक में संगठन दृष्टि से महत्वपूर्ण विषयों पर मंथन हुआ. प्रेस वार्ता में झारखंड प्रांत संघचालक सच्चिदानंद लाल जी, अखिल भारतीय सह प्रचार प्रमुख द्वय नरेंद्र कुमार जी व प्रदीप जोशी जी भी उपस्थित रहे. अखिल भारतीय प्रांत प्रचारक बैठक (12, 13, 14 जुलाई) का आयोजन रांची के सरला बिरला विश्वविद्यालय परिसर में किया गया था. आपसी विचार विमर्श के लिए विविध संगठनों की समन्वय बैठक 31 अगस्त, 1, 2 सितंबर 2024 को केरल के पलक्कड़ में होगी.

सुनील आंबेकर जी ने बताया कि विजयादशमी 2025 (100 वर्ष पूरे होने पर) तक देश में संघ कार्य विस्तार को लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में सभी मंडल तथा शहरी क्षेत्रों में सभी बस्तियों में दैनिक शाखा का लक्ष्य तय किया है. मार्च 2024 तक देश में 58981 मंडलों में से 36823 मंडल में प्रत्यक्ष दैनिक शाखा है, ऐसे ही शहरी क्षेत्रों में 23649 बस्तियों में से 14645 बस्तियों में संघ कार्य है. शेष में साप्ताहिक अथवा मासिक संपर्क है. अभी देश में 73117 दैनिक शाखाएं, और 27717 साप्ताहिक मिलन चलते हैं. इसके अलावा जहां शाखा कार्य अथवा संपर्क नहीं है. संघ ऐसे 158532 गांवों में जागरण पत्रिकाओं के माध्यम से सकारात्मक संदेश, आध्यात्मिक विचार, संतों का संदेश लोगों तक पहुंचा रहा है. श्रीराम जन्मभूमि अक्षत वितरण अभियान के दौरान 15 दिनों में देश के पौने छह लाख गांवों तक स्वयंसेवक पहुंचे थे.

आगामी योजना को लेकर बताया कि यह वर्ष पुण्यश्लोक अहिल्यादेवी होलकर की त्रि-शताब्दी का वर्ष है. पुण्यश्लोक अहिल्यादेवी ने अपने जीवन में विपरीत परिस्थितियों के बावजूद एक आदर्श स्थापित किया. उनके जीवन संदेश, जीवन आदर्श को जन-जन तक पहुंचाने के लिए स्वयंसेवक समाज के साथ मिलकर वर्ष भर कार्य करेंगे. इसका शुभारंभ 31 मई को इंदौर से हो चुका है.

ग्रामीण क्षेत्रों के विकास की दृष्टि से गौ सेवा व ग्राम विकास को मिलाकर विशेष योजना बना रहे हैं. दोनों को लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में प्रयास बढ़ाए जा रहे हैं, जिससे गांव की स्थिति बेहतर हो. युवाओं से भी आ''ान है कि 24 घंटे गांव में रहो, यह कार्य देखो व सहभागी बनो.

उन्होंने कहा कि संघ के स्वयंसेवक देशभर में सेवा कार्य कर रहे हैं. सेवा के साथ स्वावलंबन पर भी बल दिया जाता है. जिससे सेवा प्राप्त करने वाला स्वावलंबी बने. जहां-जहां भी संघ के स्वयंसेवक हैं, मणिपुर सहित उन सभी स्थानों पर स्वयंसेवक निरंतर सेवा कार्य करते हैं, और कर रहे हैं.

पर्यावरण संरक्षण को लेकर भी संघ की गतिविधियों को समाज से अच्छा प्रतिसाद मिल रहा है. पंच परिवर्तन के विषयों को लेकर तैयारी भी चल रही है और समाज में निरंतर संपर्क भी चल रहा है.

एक प्रश्न के उत्तर में उन्होंने कहा कि संघ सीधे चुनाव के कार्य में नहीं लगता. संघ लोकमत परिष्कार, लोकमत जागरण का कार्य करता है. इस बार भी स्वयंसेवकों ने छोटी-छोटी गोष्ठियों के माध्यम से लोकमत परिष्कार का कार्य किया था. लोकतंत्र में लोक सबसे ऊपर है. सभी दल अपनी-अपनी बात लेकर जाते हैं और जनता ने उस पर अपना निर्णय दिया है. उसका सभी को सम्मान करना चाहिए.

मतांतरण पर उन्होंने कहा कि धोखे से, जबरन, लालच से मतांतरण नहीं होना चाहिए, यह पूर्णतया गलत है. इसे रोकने के लिए कानून भी हैं. सभी को कानून का पालन करना चाहिए.

जनसंख्या असंतुलन पर पूर्व में सरसंघचालक जी अपने उद्बोधन में बता चुके हैं. जनसंख्या असंतुलन को लेकर समाज को भी चिंता करनी चाहिए, और इस संबंध में जो भी करणीय होगा संघ उस दृष्टि से आगे बढ़ेगा.

एक प्रश्न के उत्तर में उन्होंने कहा कि आपातकाल लगाना गलत था, लोकतंत्र में ऐसी बातें नहीं होनी चाहिए. आपातकाल के विरोध में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने संघर्ष भी किया था, और संघ के सैकड़ों कार्यकर्ताओं को प्रताड़ना भी झेलनी पड़ी थी।

श्रीराम यज्ञ व भण्डारा में उमड़े श्रद्धालु महिलाओं ने लिया पौधारोपण का संकल्प

चमकता राजस्थान

नदबई (राजवीर सिंह)। श्री बजरंग भक्त मण्डल एवं क्षेत्र के लोगों की ओर से महन्त दिलीपदास महाराज एवं श्याम बाबा भक्त सीमा शर्मा के सानिध्यं में जयपुर नेशनल हाइवे के पहरसर-शाहपुर मोड स्थित करील कुन्ज बगीची श्री हनुमान मन्दिर पर चल रही भागवत कथा का समापन श्रीराम यज्ञ की पूर्णाहुति,महाआरती एवं भण्डारे के साथ हुआ और यज्ञ एवं भण्डारा में भारी सख्यां में सन्त समाज व ग्रामीण शामिल हुए। कथा वाचक गोविन्ददेव शरण ने कहा कि यज्ञ करने से वायु मण्डल व धरती का वातावरण शुद्व होता है। इंसान को निरोगी जीवन व्यतीत करने तथा ईश्वर की प्राप्ति को यज्ञ अवश्य करना चाहिए। मन्दिर के महन्त दिलीपदास महाराज ने बताया कि सन्त लोढीदास बाबा के द्वारा स्थापित करील कुन्ज बगीची पर भक्तों के सहयोग से भागवत कथा का आयोजन हुआ। भागवत कथा वाचक गोविन्ददेव शरण, वृन्दावन के यज्ञाचार्य अक्षय दास महाराज थे। कार्यक्रम में गांव पहरसर, डिप्टी का नगला, शाहपुर, गादौली, बेरी, सेवला, डहरा, लुलहारा, लखनपुर, वीलोठ, करीली, कबई, हलैना, नदबई, हन्तरा, अरोदा, जयपुर, आगरा, कबई आदि के गांव के सन्त एवं ग्रामीण शामिल हुए। मण्डल के सेवक निकिता यादव, खुशी यादव, प्राची यादव, आशा प्रजापत, लीला, उगन्ती, धीरवती, सरिता, प्रेमवती, लक्ष्मी देवी आदि ने यज्ञ की पूर्णाहुति के बाद पौधारोपण करने का संकल्प लिया। वही मन्दिर के महन्त दिलीपदास महाराज, जयपुर निवासी श्याम बाबा भक्त सीमा शर्मा, गांव डिप्टी का नगला के श्री राधा-कृष्ण मन्दिर के महन्त अमरदास महाराज, पुरानी पुलिस चैकी डहरा वाले श्री बजरंग बली मन्दिर के महन्त ललितमोहन शरण आदि ने सन्त समाज तथा भागवत कथा वाचक गोविन्ददेव शरण, यज्ञ आचार्य अक्षयदास महाराज का स्वागत किया।

मझाऊ की ममता बनी अकाउंटेंट

चमकता राजस्थान,उदयपुरवाटी बुगाला। निकटवर्ती गांव मझाऊ की ममता पत्नी दिनेश कुमार देवठिया का अकाउंटेंट में चयन हुआ है। राकेश देवठिया ने बताया कि इससे पूर्व पिछली भर्ती में इनके परिवार में दो बहुओं का चयन हुआ था। इनसे प्रेरित होकर ममता ने कड़ी मेहनत कर सफलता प्राप्त की। देवठिया ने बताया कि परिवार में एक दूसरे को देखकर सभी को सरकारी नौकरी लगने की होड़ लगी हुई है।

बामलास धाम में कलश यात्रा के साथ सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ

चमकता राजस्थान

उदयपुरवाटी (सुमेर सिंह राव)। निकटवर्ती गुढागोड़जी। क्षेत्र की प्रसिद्ध प्राचीन वैष्णव संतो की तपोस्थली बामलास धाम में महंत लक्ष्मण दास महाराज के सानिध्य में महिलाओं द्वारा भव्य कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा रघुनाथ जी मंदिर से डीजे के साथ रवाना होकर कथास्थल पहुंची। तत्पश्चात शीलपुर धुलिया महाराष्ट्र के कथावाचक शुशीलानंद महाराज द्वारा सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ किया गया। रविवार को कथा में गोकण महात्मय का वर्णन धुंध कारी का उद्धार आदि वर्णन करते हुए कथावाचक ने कहा कि मानव जीवन मिलना बहुत ही दुर्लभ है। मनुष्य जन्म के लिए तो देवता भी तरसते हैं। इसलिए मनुष्यजन अपने जीवन को व्यर्थ नहीं गंवाएं। हमेशा संत महात्माओं की शरण में रहकर परमात्मा की भक्ति और सत्य के मार्ग पर चलते हुए सत्कर्म करें। क्योंकि संत महात्माओं

और सद्गुरु का दर्जा भगवान से भी बड़ा है। हमेशा सच्चे गुरु की शरण में रहते हुए भक्ति मार्ग पर चलते हुए कर्म करते रहे आपके जीवन में कभी कठिनाईयां नहीं आएंगी। महंत लक्ष्मण दास महाराज ने कहा कि परमात्मा की कथा सुनने से मन और आत्मा को शांति मिलती है तथा हमेशा सत्कर्म करने की प्रेरणा मिलती है। आज की कथा के मुख्य यजमान कुलदीप जाखड़ दंपति रहे। कथा में छोटूराम कबाड़ी उदयपुरवाटी द्वारा उपस्थित भक्तों को फलाहार का प्रसाद वितरित किया गया। कथा प्रतिदिन सवा 12 बजे से शाम सवा 4 बजे तक चलेगी। इस दौरान बाबूलाल शर्मा, मुकेश कुलहरी, हीरालाल मीणा, राजेश गोदारा, विकास रेपसवाल, अमरसिंह राव, ताराचंद सेन, गोरीशंकर शर्मा, कैलाश शर्मा, सत्यवीर शर्मा, नीमीचंद भादवाड़ी, माडूराम मीणा, नरपत स्वामी, गोरी शंकर शर्मा,चतरु राम महरानियां, विजेन्द्र लंमोड़, श्रवण शर्मा, राजेश स्वामी, दीपसिंह शेखावत, लाल सिंह शेखावत सहित काफी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

मुख्यमंत्री वृक्षारोपण कार्यक्रम के तहत एक कोशिश वटवृक्ष के लिए का किया रोपण

चमकता राजस्थान, भरतपुर (राजवीर सिंह)। ऊदलसिंह कैरों जिला अध्यक्ष राजस्थान शिक्षक संघ (अंबेडकर) जिला भरतपुर ने अपने गॉव में प्रारंभिक (कक्षा 1 से 10 तक) शिक्षा केंद्र राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल झारकई भरतपुर में वेल और वटवृक्ष के पौधे लगाए। विधाध्ययन के दौरान लगाए गए पौधों को देखा तो अब वो वृक्ष बन गए हैं ' जब हम पढ़ते थे तो सैकड़ों साल पुराना बहुत विशालकाय बरगद का वृक्ष था। लेकिन बाढ़ से वह वट वृक्ष उखड़ जाने के कारण अब नहीं है।



आईएचएफ ट्रॉफी हैंडबॉल में भारत दोनों वर्गों में चैंपियन

- बांग्लादेश दोनों वर्ग में उपविजेता रही
- यूथ में नेपाल तथा जूनियर में मालदीव तीसरे स्थान पर

चमकता राजस्थान

जयपुर। मेजबान भारत ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए सवाई मान सिंह इंडोर स्टेडियम में रविवार को संपन्न आईएचएफ ट्रॉफी हैंडबॉल में यूथ व जूनियर वर्ग का ख़िताब अपने नाम किया। यूथ वर्ग के खिताबी मुक़ाबले में भारत ने बांग्लादेश को 56-36 से हराया। मध्यांतर तक भारत ने 31-14 से बढ़त बना रखी थी। मालदीव को हरा नेपाल ने तीसरा स्थान हासिल किया। जूनियर वर्ग के फाइनल ने भारत ने बांग्लादेश को 55-25 से हराया। हाफ टाइम तक भारत 31-16 से आगे था। नेपाल को हराकर मालदीव तीसरे स्थान पर

रहा। समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह के मुख्य अतिथि वरिष्ठ भाजपा नेता व पूर्व कैबिनेट मंत्री राजस्थान सरकार राजेंद्र राठौड़ थे। समारोह की अध्यक्षता हैंडबॉल एसोसिएशन इंडिया के अध्यक्ष दिग्विजय चौटाला ने की। जबकि विशिष्ठ अतिथि दक्षिण एशियाई हैंडबॉल महासंघ के महासचिव डॉ. आनन्देश्वर पांडे, पीएचएल के ओनर अभिनव बांठिया, विज्ञान लोढ़ा, आईएचएफ़ के लेक्चरर ट्यूनीशिया से समीर मैक्लॉफ़ व कुवैत से डॉ. ख़ालिद अल्सारजी व टेबिल्टन इंडिया के निदेशक डॉ. सौरभ जैन थे।

हैंडबॉल एसोसिएशन इंडिया के महासचिव डॉ. तेजराज सिंह ने बताया कि आईएचएफ ट्रॉफी हैंडबॉल में यूथ व जूनियर वर्ग में चार देशों मेजबान भारत, नेपाल, मालदीव व बांग्लादेश की टीमों ने भाग लिया। जबकि निर्णायक कतर व कुवैत से आये थे। जबकि आईएचएफ़ के लेक्चरर ट्यूनीशिया से समीर मैक्लॉफ़ व कुवैत से डॉ. ख़ालिद अल्सारजी आये। सभी देशों के खिलाड़ी व ऑफिशियल्स ने इस पाँच दिवसीय टूर्नामेंट आयोजन की बहुत बहुत प्रशंसा की। उन्होंने बताया कि यह जयपुर में चौथी अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता थी। इससे पहले 1996 में पहली दक्षिण एशियाई हैंडबॉल चैंपियनशिप (पुरुष व महिला), 2011 में आईएचएफ़ इंटर कांटीनेंटल ट्रॉफी व 2019 में एशियन यूथ महिला हैंडबॉल चैंपियनशिप का आयोजन किया गया। जिसमें दस देशों की टीमों ने भाग लिया था। यूथ वर्ग में मोस्ट वैल्युएबल प्लेयर भारत के नवदीप को अतिरिक्त कमिश्नर इनकम टैक्स राजेंद्र शेखावत पुरस्कार दिया। जूनियर वर्ग के मोस्ट वैल्युएबल प्लेयर भारत के अनूप को हैंडबॉल एसोसिएशन इंडिया के अध्यक्ष दिग्विजय सिंह चौटाला व पीएचएल के ओनर अभिनव बाँठिया ने पुरस्कार दिया।

पचलंगी ओम शिव गौशाला में गो भक्तों एवं भामाशाहों का हुआ सम्मान

चमकता राजस्थान, उदयपुरवाटी (सुमेर सिंह राव)। उपखंड क्षेत्र के पचलंगी गांव में स्थित ओम शिव गौशाला परिसर में गो भक्तों एवं अतिथियों का गौशाला परिवार की तरफ से सम्मान किया गया ' अतिथियों एवं गौ भक्तों का सम्मान झडया बालाजी मंदिर के महंत श्री श्री 108 श्री सीताराम दास जी महाराज एवं गौशाला संरक्षक मदनलाल भावारिया के सानिध्य में किया गया ' अतिथियों एवं गौ भक्तों को गौशाला परिवार की तरफ से दुपट्टा एवं साल ओढाकर सम्मानित किया गया व गौ माता की प्रतिमा भी भेंट की गई ' धर्म सभा के दौरान ही पत्रकारों का भी सम्मान किया गया ' गौशाला संरक्षण एवं राष्ट्रीय सामाजिक जन चेतना मंच के अध्यक्ष मदनलाल भावारिया के अनुसार अतिथि देवो भव,

पत्रकारों को भी किया गया सम्मानित

अतिथि देवो भव, अतिथि ही भगवान का रूप होता है : मदनलाल

अतिथि ही भगवान का रूप होता है यह कहकर अतिथियों का सम्मान किया गया ' इस दौरान कांवट कृष्णा कॉलेज के डायरेक्टर बालचंद लाबा, जयचंद रोहलाण, रिछपाल रोहलान, पूर्व सरपंच भोलाराम प्रीतमपुरी, बंशीधर लाबा सेवानिवृत्ति, राजू सैनी जहाज, लक्ष्मण राम कुड़ी अध्यक्ष सहकारी समिति पचलंगी, अनिल झाझडिया, सहित सैकड़ो गो भक्तों एवं अतिथियों का सम्मान किया गया।

एक नजर

बुद्धिजीवी मंच का नवादा में शिक्षा जागरूकता रैली

नवादा। नवादा जिले के अकबरपुर प्रखंड स्थित तेयार कस्बा में रविवार को बुद्धिजीवी मंच के अध्यक्ष डॉ सुनीति कुमार के नेतृत्व में शिक्षा जागरूकता रैली का आयोजन कर बच्चों को स्कूल भेजने का संकल्प दिलाया गया । कलाकारों ने प्रेरणा गीत के माध्यम से ग्रामीणों को शिक्षा का महत्व भी बताया । इससे पूर्व भी इस गांव में 3 बार यह कार्यकर्म किया जा चुका है। डॉ सुनीति के साथ ही बुद्धिजीवी विचार मंच के संयोजन अवधेश कुमार, बुजुर्ग रामलखन प्रसाद , पवन कुमार, उदय शंकर सिंह, दिलीप पासवान, अभिनाश कुमार, व्यास यादव ,गायक चंदेश्वर यादव एवं नरेश राजवंशी, तेयार के शिक्षक जन्मेजय गिरी आदि ने भाग लिया। बच्चों को एकत्रित करने का काम जन्मेजय गिरी ने किया। बरसात के मौसम होने के वाबजूद बच्चों, बुजुर्ग एवं महिलाओं की संख्या बहुत अच्छी थी। गीत और स्लोगन गाते हुए पूरे गांव का भ्रमण किया। सभी लोग बहुत प्रभावित दिखे। अवधेश बाबू ओर मैं अपने- अपने विचार रखे। चंदेश्वर यादव, नरेश राजवंशी एवं अभिनाश कुमार के गीत सबों को बांधे रखा एवं सोचने पर बाध्य किया कि बच्चों को पढ़ाना बहुत जरूरी है।

फर्जी प्रमाण पत्र पर नौकरी मामले की शिकायत

फारबिसगंज/अररिया। अररिया में सहायक शिक्षक पर फर्जी प्रमाण पत्र पर नौकरी का मामला सामने आया है। बिहार विकास युवा मोर्च के अध्यक्ष सह आरटीआई एक्टिविस्ट प्रसेनजीत कृष्ण ने इस संबंध में अररिया डीएम से शिकायत की है। उनका आरोप है कि मध्य विद्यालय खैरखा फारबिसगंज के सहायक शिक्षक मो मुश्ताक आलम ने फर्जी जाति प्रमाण पत्र के आधार पर नौकरी ली है। बिहार विकास युवा मोर्च के अध्यक्ष सह आरटीआई एक्टिविस्ट प्रसेनजीत कृष्ण ने अररिया डीएम को दिए गए आवेदन में बताया है कि मोहम्मद मुस्ताक आलम, पिता स्वर्गीय खलील शेख जाति से आते हैं लेकिन, साल 2005 में मो मुस्ताक आलम ने प्रखंड शिक्षक के रूप में फर्जी जाति प्रमाण पत्र में धुनिया जाति का लगाकर नौकरी प्राप्त कर लिया।उनका खतियान, केवाला और जमीन का रसीद में जाति में शेख दर्ज है। इन्होंने किस आधार पर धुनिया जाति प्रमाण पत्र बनाया है। यह जांच का विषय है।

बकाया रुपये मांगने पर युवक की हत्या

नवादा। नवादा में अपना बकाया रुपया मांगना एक युवक को रविवार को महंगा पड़ा। रुपए मांगने पर बकायादारों ने युवक को लाठी -डंडों से पीट-पीटकर हत्या कर ढ़ी है। जिसके बाद सूचना पर घटनास्थल पर पहुंची पुलिस मामले को लेकर पूछताछ कर शव को पोस्टमार्टम के लिए नवादा सदर अस्पताल भेज दिया है। यह घटना नवादा जिले के नारदीगंज थाना क्षेत्र के कुज्झा गांव की है। घटना के बाद परिजन में कोहराम मचा गया। मृतक युवक कुज्झा गांव निवासी गंगा चौहान का पुत्र बजरंगी चौहान है। मृतक के भतीजा ने बताया कि उनके चाचा का गांव के हीं रवि कुमार के यहां मजदूरी का रुपया बाकी था, जिसे वह मांगने गया था। रुपए मांगने पर वह आगबबूला हो गया । बकाया रुपया नहीं दिया और उल्टा उसे गाली-गलौज देने लगा, जिसका विरोध करने पर उसके साथ लाठी -डंडे और लोहे के राड से जमकर पीटाई किया गया, जिसके बाद उसकी मौत हो गयी। फिलहाल पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है। पुलिस अग्रेतर कार्रवाई में जुटी है।

आरएसएस की शाखा में एकात्मता स्त्रोत पर चर्चा

सहरसा। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के तत्वावधान में रविवार को महावीर चौक स्थित मंदिर परिसर में साप्ताहिक शाखा का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य शिक्षक सुभाष चंद्र झा के निर्देशन में एकात्मता स्त्रोत, एकात्मता वैदिक मंत्र, सूर्य नमस्कार मंत्र, अमृत वचन, सुभाषित,गीत बौद्धिक एवं हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सेवा प्रमुख डॉक्टर मुरारी कुमार के द्वारा सूक्ष्म योग एवं प्राणायाम का अभ्यास करवाया गया।साथ ही एकात्मता स्त्रोत पर चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि हमारी सृष्टि प्रकृति से बनी हुई है। प्रकृति के बिना मनुष्य या किसी भी जीव जंतु पहाड़ नदी एवं पेड़ पौधे का कोई अस्तित्व नहीं है। प्रकृति से ही ग्रह नक्षत्र लोक एवं परलोक तथा काल का संचालन होता है। इसीलिए सनातन धर्म में बताया गया कि सृष्टि के कण-कण में व्याप्त सभी पदार्थों में प्राण होते हैं चाहे वह संजीव हो या निर्जीव। इसीलिए हमारे पूर्वजों ने प्रकृति की हर वस्तु को धर्म से जोड़ते हुए इसकी पूजा अर्चना की। भारतीय ऋषि मुनि एवं मनुष्यों ने सदैव प्रकृति की रक्षा की प्रेरणा दी है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के द्वारा किसी व्यक्ति को गुरु ना मानकर तत्व रूपी भगवा ध्वज को अपना गुरु मानते हैं। इसीलिए हर स्वयंसेवक गुरु पूर्णिमा के दिन भगवा ध्वज के समक्ष अपनी समर्पण राशि समर्पित करते हैं।

किसान पुत्री शुभांगी प्रिया पहली प्रयास में बनी सीए

सहरसा। जिले के सलखुआ प्रखंड मुख्यालय स्थित कन्या मध्य विद्यालय में कार्यरत शिक्षिका सीमा गुप्ता की पुत्री शुभांगी ने पहली प्रयास में सीए की परीक्षा में सफलता हासिल कर परिवार व गांव समाज का मान बढ़ाया है। उसकी सफलता से घर सहित आसपास में खुशी का माहौल है और बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है। शुभांगी की माता सीमा गुप्ता व पिता पवन कुमार चौधरी ने बताया कि वह बचपन से ही मेधावी थी। शुभांगी की प्राईमरी से दसवीं वर्ग तक की शिक्षा किड केयर सहरसा तथा इंटर पटना से पास की। उसके बाद डीयू से बीकॉम कर दिल्ली के लक्ष्मीनगर शकरपुर में रहकर अखिल भारतीय स्तर पर आयोजित चार्टेड अकाउंटेंट परीक्षा 2024 में पहली प्रयास में परचम लहराया। शुभांगी सफलता का श्रेय अपने माता पिता व शिक्षक के मार्गदर्शन को दिया। शुभांगी कहती है अगर कोई भी छात्र मन मे ठान कड़ी मेहनत करे तो कोई भी परीक्षा कठिन नहीं होता। शुभांगी के पिता किसान तथा बड़े भाई आदर्श गौरव कोलकाता में सॉफ्टवेयर इंजीनियर है। शुभांगी का पूरा परिवार मिशन कम्पाउंड सहरसा में रहता है।

अगले हफ्ते से बंगाल में और बढ़ेगी बारिश, गर्मी से राहत

पिछले 24 घंटों में हुई मामूली बारिश

पश्चिम बंगाल के बाकी जिलों में भी मौसम लगभग इसी तरह रहने की संभावना है

एजेंसी

कोलकाता। महानगर कोलकाता में अगले 24 घंटों के दौरान सामान्य रूप से बादल छाए रहेंगे और हल्की बारिश या गरज के साथ बौछारें पड़ने की संभावना है। मौसम विभाग में रविवार को यह जानकारी दी है। इसमें बताया गया है कि अधिकतम तापमान 33 C और न्यूनतम तापमान 28 C रहने की संभावना है। कोलकाता का अधिकतम तापमान 32.4 C दर्ज किया गया है, जो सामान्य से 0.4 डिग्री कम है, जबकि न्यूनतम तापमान 28.3 C दर्ज किया गया है, जो सामान्य से 1.4 डिग्री अधिक है।

अधिकतम आर्द्रता 94 फीसदी और न्यूनतम आर्द्रता 77 फीसदी दर्ज की गई है। पिछले 24 घंटों में मामूली बारिश दर्ज की गई है। पश्चिम बंगाल के बाकी जिलों में भी मौसम लगभग इसी तरह रहने की संभावना है।

दार्जिलिंग और सिलीगुड़ी में मध्यम बारिश हो सकती है, जबकि हुगली, बांकुरा, पूर्व और पश्चिम मेदिनीपुर, आसनसोल, बर्दवान और उत्तर एवं दक्षिण 24 परगना जिलों में बादल छाए रहने और हल्की बारिश या गरज के साथ बौछारें पड़ने की संभावना है। इन जिलों में तापमान सामान्य से थोड़ा ऊपर या नीचे रह सकता है, लेकिन अधिकतम तापमान 31 से 33 और न्यूनतम तापमान 25 C से 28 C के बीच रहेगा।

मौसम विभाग ने सभी जिलों के निवासियों से अपील की है कि वे मौसम की स्थिति पर नजर रखें और आवश्यक सावधानियां बरतें। हल्की बारिश के कारण कुछ क्षेत्रों में जलजमाव की समस्या भी हो सकती है, इसलिए स्थानीय प्रशासन ने नागरिकों से सतर्क रहने का आग्रह किया है। उत्तर बंगाल के अलीपुरद्वार, कूचबिहार और जलपाईगुड़ी में भारी बारिश की संभावना है।

अस्पताल से गायब मरीज का नहीं मिला सुराग

परिजनों ने किया हंगामा

संवाददाता

बालुरघाट। बालूरघाट सुपर स्पेशलिटी अस्पताल से तकरीबन एक हफ्ते पहले गायब हुए एक मरीज का सुराग नहीं मिलने से गुस्साए परिजनों ने अस्पताल में जमकर हंगामा किया। गायब मरीज का नाम सुनील उरांव है। वे बालुरघाट ब्लॉक के मालंचा इलाके के निवासी हैं।

सूत्रों के मुताबिक, सुनील को कुछ दिन पहले बालुरघाट सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। कथित तौर पर वह छह जुलाई की आधी रात से लापता हैं। उनके परिजनों ने पुलिस में शिकायत दर्ज करायी लेकिन कोई लाभ नहीं हुआ। इससे तंग आकर रविवार को सुनील के परिजनों के साथ सैकड़ों आदिवासियों ने अस्पताल में प्रदर्शन किया। उन्होंने न सिर्फ विरोध किया बल्कि अस्पताल में बांस से तोड़फोड़ भी की। सूचना पाकर बालुरघाट थाने की बड़ी संख्या में पुलिस बल मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया।

पद्मा नदी में डूबे चार बच्चे, एक की मौत

मुर्शिदाबाद। मुर्शिदाबाद जिले के लालखंडियार इलाके में रविवार सुबह पद्मा नदी में नहाने के दौरान डूबने से एक बच्चे की मौत हो गई जबकि एक अन्य बच्चे को गंभीर हालत में जांगीपुर महकमा अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, रविवार को छुट्टी होने के कारण चार बच्चे अपने घर के पास नदी में नहाने गये थे। इमरान शेख (10), अजीज शेख (08), इकबाल शेख (10) और मेहदी हसन (09) एक साथ पानी में उतरे। इनमें इमरान और अजीज चचेरे भाई-बहन हैं। जैसे ही वे नहाने के लिए पानी में उतरे, वे डूबने लगे। स्थानीय लोगों के प्रयास से इन सभी बचा कर नदी से बाहर निकाला गया और उन्हें जंगीपुर महकमा अस्पताल ले जाया गया, जहां अजीज और इकबाल की हालत गंभीर बताई थी। इलाज के दौरान अजीज की मौत हो गई। अस्पताल सूत्रों के अनुसार इकबाल की हालत गंभीर है। उसका इलाज चल रहा है।

राजभवन के सामने शुभेंदु के नेतृत्व में पीड़ितों ने दिया धरना

हाई कोर्ट के आदेश के मुताबिक धरना प्रदर्शन में पार्टी के 300 कार्यकर्ता एवं समर्थक शामिल हुए

संवाददाता

कोलकाता। कलकत्ता हाई कोर्ट की सशर्त अनुमति के बाद शुभेंदु अधिकारी लोकसभा चुनाव के बाद में हुई हिसा घटनाओं के विरोध में रविवार को राजभवन के सामने धरने पर बैठ गए। इस दौरान उनके साथ भाजपा नेता तापस रॉय, रुद्रनील घोष, असीम सरकार, कौस्ताब बागची व हिंसा पीड़ित मौजूद थे।

सूत्रों के अनुसार, रविवार सुबह दस बजे शुभेंदु अधिकारी ने धरना प्रदर्शन शुरू किया। हाई कोर्ट के आदेश के मुताबिक धरना प्रदर्शन में पार्टी के 300 कार्यकर्ता एवं समर्थक शामिल हुए। धरना दोपहर दो बजे समाप्त हुआ। पार्टी कार्यकर्ता हाथों में तख्तियां, पोस्टर लिए हुए थे। धरने पर भाजपा कार्यकर्ताओं पर अत्याचार की तस्वीरें प्रदर्शनकारियों के हाथों में थी।

बीएसएफ ने तीन बांग्लादेशी को पकड़ा

संवाददाता

उत्तर दिनाजपुर। भारत-बांग्लादेश सीमा पर तैनात उत्तर बंगाल फ्रंटियर के किशनगंज सेक्टर के तहत 72 वीं बटालियन सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के बॉर्डर आउट पोस्ट (बीओपी) बोर्रा के सीमा प्रहरियों ने तीन बांग्लादेशी नागरिकों को घुसपैठ करते पकड़ा है। बीएसएफ के अनुसार पकड़े गए बांग्लादेशी नागरिकों के नाम रोबीउल (31), मोहम्मद फरीद (25) और मोहम्मद सैमुल (18) है। तीनों बांग्लादेशी नागरिकों को उस समय पकड़ा गया, जब वे अवैध रूप से भारत से बांग्लादेश सीमा पार करने की कोशिश कर रहे थे। तलाशी लेने पर बीएसएफ ने 50 बोतल प्रतिबंधित कफ सिरप बरामद किया है। पकड़े गए तीनों बांग्लादेशी नागरिकों को जब्त सामान के साथ करणदिघी थाने को सौंप दिया गया है।

पुलिस ने चार बदमाश को किया गिरफ्तार, धारदार हथियार जब्त

एजेंसी



सिलीगुड़ी। भक्ति नगर थाने की पुलिस ने गुप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए अभियान चलाकर चार बदमाशों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार बदमाशों के नाम सूरज महतो, प्रवेश तामंग, शाहिल हुसैन और टुबाई चंदो है।

सूत्रों के अनुसार, शनिवार देर रात भक्ति नगर थाने की पुलिस को गुप्त सूचना मिली की सालूगाड़ा अंतर्गत एक ढाबे के सामने कई बदमाशों को इकट्ठा होते हुए देखा गया है। सूचना पर पुलिस ने अभियान चलाकर चार बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया। हालांकि कई भागने में कामयाब हो गए।

जब पुलिस ने बदमाशों की तलाश ली तो उसके पास से कई धारदार हथियार बरामद हुए। भक्ति नगर थाने की पुलिस आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

नवादा सदर अस्पताल में छापेमारी दलालों के 9 अवैध एम्बुलेंस बरामद

एजेंसी

नवादा। नवादा सदर अस्पताल में देर रात्रि जिला प्रसाशन के अधिकारियों ने सदर एसडीओ अखिलेश कुमार के नेतृत्व में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को बगैर सूचना दिए छापा मारा,जिसके बाद पूरे अस्पताल परिसर में अफरा तफरी का माहौल उत्पन्न हो गया। सबसे ज्यादा निजी एम्बुलेंस चालको एवं दलालों में हड़कंप मच गया। नवादा सदर एसडीएम अखिलेश कुमार ने रविवार को बताया कि डीटीओ सहित तीन सीनियर डिप्टी कलेक्टर की संयुक्त टीम ने सदरअस्पताल में देर रात छापा मारा। जहां निरीक्षण के दौरान सदर अस्पताल परिसर में दलालों के 9 अवैध रूप से निजी एंबुलेंस को जब्त किया गया है।कार्रवाई के दौरान सभी एंबुलेंस के ड्राइवर मौके से फरार हो गये। जिला प्रशासन ने सभी एम्बुलेंस के टायर का हवा निकाल दिया और डीटीओ को सभी एंबुलेंस को जप्त करने का आदेश दिया।साथ ही साथ उन सभी एम्बुलेंस मालिक पर भी कार्रवाई करने का निर्देश दिया। संयुक्त टीम ने अस्पताल के सभी हिस्सों का निरीक्षण किया ।जहां मौके पर खामियां पाए गए।जांच के दौरान अस्पताल की सुरक्षा में लगे कई गार्ड अनुपस्थित पाए गए।वैसे अनुपस्थित गार्ड पर कार्रवाई का आदेश दिया गया ।साथही सिक्योरिटी एजेंसी से भी स्पस्टीकरण मांगा गया।अस्पताल में एक बार फिर से साफ सफाई की व्यवस्था खराब दिखाई दी ।जिस पर उन्होंने डीपीएम एवं हॉस्पिटल मैनेजर को कड़ी फटकार भी लगाई।यह कार्रवाई जिलाधिकारी के आदेश पर किया गया था।

नदी में चार छात्राएं डूबी, एक की मौत

पटना। बिहार के बेगूसराय में बलान नदी की धारा में रविवार को चार छात्राए बह गई, जिसमें से तीन को स्थानीय लोगों की मदद से बचा लिया गया जबकि एक छात्रा की मौत हो गई है। हादसा बलान नदी में स्नान करने के दौरान हुआ। घटना तेघड़ा थाना क्षेत्र के खिदिरचक बलान नदी की है। नदी में स्नान करने के दौरान एक छात्रा गहरे पानी में चली गयी। उसे बचाने के लिए बाकी तीन छात्राएं भी गहरे पानी में चली गईं। सभी चार छात्राओं को डूबते देख जब शोर हुआ तो स्थानीय लोगों ने तीन छात्राओं को किसी तरह डूबने से बचा लिया लेकिन एक छात्रा गहरे पानी में चली गई, जिससे उसकी मौत हो गई। मृत छात्रा की पहचान खिदिरचक गांव निवासी रंजीत सिंह की बेटी लक्ष्मी कुमारी के रूप में की गई है। वह 12वीं की छात्रा थी।

पूर्वी चंपारण में शुरू होगी सोयाबीन खेती

परसौनी केविके ने शुरू की कवायद

एजेंसी

पूर्वी चंपारण। मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़, कर्नाटक राजस्थान, गुजरात एवं आंध्र प्रदेश जैसे राज्यों की तर्ज पर बिहार में भी सोयाबीन की खेती को बढावा देने के लिए पूर्वी चंपारण जिले के परसौनी स्थित कृषि विज्ञान केंद्र ने कवायद शुरू कर दी है।

इसको लेकर केन्द्र समूह अग्रिम पंक्ति प्रत्यक्षण के अंतर्गत लगभग 100 एकड़ क्षेत्रफल में सोयाबीन की खेती का प्रत्यक्षण किसानों के बीच कराने जा रहा है। इसकी जानकारी देते केविके परसौनी के विषय वस्तु विशेषज्ञ (कृषि अभियंत्रण) डॉ.अंशु गंगवार ने बताया कि सोयाबीन की बुआई का मौसम शुरू हो चुका है। जुलाई महीने के मध्य तक सोयाबीन की बुआई की जा सकती है। उन्होंने बताया कि सोयाबीन एक प्रमुख प्रोटीन स्त्रोत वाले उत्पाद के तौर पर जाना जाता है। सोयाबीन को स्वर्ण सेम के नाम से भी जानते हैं। सोयाबीन की उपयोग की बात करें तो इसे पनीर बनाने, सोया मिल्क बनाने, सोयाबड़ी बनाने, सोयाबीन तेल आदि कई खाद्य पदार्थ के रूप में किया जाता है। सोयाबीन में 36 से 42 प्रतिशत तक प्रोटीन और 15 से 25 प्रतिशत तक तेल की मात्रा पाई जाती है।

जैव विविधता और पर्यावरण को बनाए रखने के लिए पेड़ लगाने की वकालत

वन महोत्सव का आयोजन, जागरूकता मैसेज के साथ वृक्षारोपण

एजेंसी

अररिया। बिहार राज्य भारत स्काउट और गाइड के बैनर तले रविवार को स्काउट गाइड की ओर से फारबिसगंज के प्लस टू स्तरीय ली अकादमी परिसर में वन महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम क्लैप (क्लाइमेट लीडर एक्सन प्लान) प्रोजेक्ट के तहत आयोजित की गई। जिसमें दर्जनों स्काउट गाइड वृक्षारोपण के साथ हाथों में जागरूकता से संबंधित बैनर लेकर जागरूकता का मैसेज दे रहे थे।

मौके पर अररिया के भारत स्काउट और गाइड के उपसभापति सह ली अकादमी के प्राचार्य तेज बहादुर सिंह, भारत स्काउट और गाइड के जिला आयुक्त स्काउट व्यस्क संसाधन श्रीकुमार ठाकुर, जिला संगठन आयुक्त स्काउट बैजनाथ प्रसाद एवं स्काउट लीडर मो. शाहिद आलम और बच्चों के द्वारा संयुक्त रूप से वृक्षारोपण किया गया। मौके पर उपसभापति तेज बहादुर सिंह ने बताया कि पेड़ पृथ्वी पर सबसे आवश्यक संसाधन है। क्योंकि वह कार्बन डाइऑक्साइड को अवशोषित करके ऑक्सीजन का उत्पादन करके, जैव विविधता को बनाए रखने और मिट्टी के कटाव को रोकने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं । वहीं जिला आयुक्त स्काउट व्यस्क संसाधन श्रीकुमार ठाकुर ने बताया कि वन महोत्सव वृक्षारोपण को बढ़ावा देने के लिए आयोजित है। ग्लोबल वार्मिंग और जैव विविधता और पर्यावरण को बनाए रखने के लिए अधिक से अधिक संख्या पेड़ लगाने की वकालत पर जोड़ दिया।

जिला संगठन आयुक्त स्काउट बैजनाथ प्रसाद ने बताया कि वन महोत्सव एक त्यौहार है। जिनकी शुरूआत 1950 ई के दशक में तत्कालीन और पहले केंद्रीय कृषि मंत्री के. एम. मुंशी ने नागरिकों में पर्यावरण संबंधी जिम्मेदारी की भावना को बढ़ावा देने और वनों की कटाई से निपटने के लिए की थी। उन्होंने यह भी कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को अपने जन्मदिन, शादी के सालगिरह जैसे उत्सवों पर भी एक वृक्ष अवश्य लगाना चाहिए।

मौके पर राज्य पुरस्कार से सम्मानित मो सब्दुल आलम के साथ प्रेम कुमार मो कबीर, रमजानी,दीपेन कुमार, मिथिलेश कुमार, अंश कुमार, विशाल, सूरज, रवि, आदित्य गाइड में उषा कुमारी, मंगली कुमारी, निशा कुमारी, मौसम, सिमरन, कोमल, ज्योति, खुशबू, माही का योगदान सराहनीय रहा।

भारत नेपाल सीमा पर एसएसबी व नेपाल एपीएफ के जवानों ने की संयुक्त गश्ती

अधिकारियों ने पिलर की स्थिति से अवगत होकर फोटोग्राफी भी किया

एजेंसी

फारबिसगंज/अररिया। जोगबनी के भारत नेपाल सीमा पर तैनात एसएसबी व नेपाल के आर्म्स फोर्स के द्वारा सीमा सुरक्षा, बंधुत्व व सेवा भाव के साथ संयुक्त रूप से गश्ती की गई। गश्ती का मुख्य उद्देश्य सीमा स्तम्भों के रख रखाव व सीमा क्षेत्र से असामाजिक तत्वों को दूर रखते हुए सीमा की सुरक्षा करना है। वही, यह गश्ती जोगबनी के चाणक्य चौंक स्थित पीलर संख्या 179/2 से शुरू कर मुख्य नाका होते हुए पीलर संख्या 180/2 टिकुलिया बस्ती तक किया गया।

इस संयुक्त अभियान की कमांड एसएसबी जोगबनी प्रभारी इंस्पेक्टर पशुपति सिंह व एपीएफ इंस्पेक्टर किरण नेपाल ने किया। इस दौरान अधिकारियों ने पिलर की स्थिति से अवगत होकर फोटोग्राफी भी किया। इस गस्ती में शामिल अधिकारियों ने बताया कि ज्वाइंट पेट्रोलिंग का उद्देश तस्करों, सीमा पर सक्रिय असमाजिक तत्व में भय पैदा करना है और उन्होंने कहा कि संयुक्त गश्ती हर महीने में दो बार किया जाता है और जिससे दोनों देश के सुरक्षा को लेकर आपसी सामंजस्य और कोई तरह की वातार्लाप और सूचना का आपस में आदान-प्रदान कर सके।

पकी गोबर खाद से अधिक लाभ

गोबर खाद को यूं पहचाने

गर्म है तो गोबर, ठंडी है तो खाद
जमा है तो गोबर, भुरभुरी है तो खाद
हरा है तो गोबर, भूरी है तो खाद
भारी है तो गोबर, हल्की है तो खाद
महके तो गोबर, न महके तो खाद
गर्म है तो गोबर, ठंडी है तो खाद।

खाद निर्माण हेतु आवश्यक सामग्री

खाद उत्तम प्रकार से पक सके तथा खेत में पोषक तत्व एवं वायु का संचार कर सके इस हेतु निम्नलिखित सामग्री का उपयोग करें:

गोबर, हरा मुलायम चारा अथवा घास जो बिना फूल और बीज का हो अथवा फसलों के मुलायम अवशिष्ट, पानी, वायु और हल्की छनती हुई सी धूप।

पकी हुई उत्तम गुणवत्तायुक्त खाद ऐसे बनायें

खाद निर्माण हेतु निम्नलिखित में से कोई भी एक वैज्ञानिक विधि अपनायें:

भू-नाडेप

यह विधि खाद बनाने की सबसे सस्ती और सरल विधि है. खाद बनाने हेतु ऐसा छायादार स्थान चुनें जहाँ छन–छन कर धूप आ रही हो. जितने भी स्थान पर आप खाद बनाना चाहते हैं उस स्थान को गीले गोबर से लीपें (लगभग 20–25 हाथ के बराबर लम्बाई और 10–15 हाथ के बराबर चौड़ाई का स्थान) और इस स्थान के चारों ओर ज़मीन में पत्थर या ईंट की एक पर्त जमा दें ताकि सामग्री इस स्थान पर ही एकत्रित हो तथा फैले नहीं। इस स्थान पर गोबर तथा मुलायम चारा अथवा फसल के मुलायम अवशिष्ट (फूल और बीज से रहित) को एकत्रित करें। कमर से ऊपर की ऊँचाई का ढेर हो जाने पर इस ढेर को चारों ओर गोबर से लीपें एवं मोटे डंडे की सहायता से इस ढेर में चारों ओर गड्ढे बनायें। सप्ताह में 1–2 बार इस ढेर की सिंचाई करें। सिंचाई के लिये गड्ढों का उपयोग करें। यह ढेर लगभग 85–90 दिन के उपरांत ऊपर से दब जायेगा (बैठ जायेगा)। सुबह 4–5 बजे के बीच आप देखेंगे तो इस ढेर में से भाप निकलना बन्द हो चुकी होगी। अब ढेर की गहराई से थोड़ी सी खाद निकालकर देखें तो पायेंगे कि खाद ठंडी हो चुकी है। यह खाद अब खेत में डालने को तैयार है.

खाद के जामन से जल्दी खाद बनायें

इस तैयार खाद में से 1 बोरी खाद बचा लें. अगली बार जब भू नाडेप/टटिया नाडेप/ पक्के नाडेप में सामग्री भर रहे हों तो प्रत्येक एक बीता (लगभग 6 इंच की) पर्त भरने के बाद 1–2 मुट्ठी पुरानी बची हुई खाद ऊपर से छिड़क दें। जिस प्रकार से दही जमाने के लिये दूध में जामन कार्य करता है उसी प्रकार यह पुरानी खाद कार्य करती है. खाद निर्माण की बाकी की प्रक्रिया पूर्ववत ही अपनायें। इस बार लगभग 75 दिन में ही गोबर की ठंडी खाद तैयार हो जायेगी।

कच्ची खाद के उपयोग के दुष्परिणाम

ज़मीन के अन्दर गड्ढे में वायु की अनुपस्थिति में तैयार कच्ची खाद में खरपतवार के बीज, कीटों के अंडे, दीमक तथा रोगाणु उपस्थित होते हैं। इस प्रकार की कच्ची खाद के उपयोग से खेत में खरपतवार के बीज कीट एवं रोगाणु भारी संख्या में पहुँचते हैं तथा समय पा कर फसल को नुकसान पहुँचाते हैं. इनके नियंत्रण में खेती की लागत बढ़ती है तथा लाभांश में कमी आती है।

आगामी खरीफ के लिये अनुशंसा

अभी आपके घर के पीछे बने गड्ढे में गोबर, चारा और फसल अवशिष्ट वायु की अनुपस्थिति में कच्चे स्वरूप में विद्यमान होगा जो जिसे आषाढ़ में आप खोद कर निकालेंगे। यह बहुत ही गर्म, हरे रंग के कच्चे गोबर के स्वरूप में प्राप्त होगा। जब इसे आप खेत में डालेंगे तब इस गोबर में उपस्थित खरपतवार के बीज खेत में उग जायेंगे और कीट और रोग आपके खेत में फैल जायेंगे।

यदि आप इस समस्या से बचना चाहते हैं तो अभी इसी समय जब आप यह लेख पढ़ रही हैं, उठें और गोबर को गड्ढे से खोद कर धरती के ऊपर निकालें, इस ढेर को व्यवस्थित कर चारों ओर पत्थर अथवा ईंट की पर्त बांधें और इसे रोज़ सींचे। जब यह ठंडा हो जाये तभी इसे खेत में डालें। इस प्रकार की खाद से आपकी खेती में लाभ होगा नुकसान नहीं।

टटिया नाडेप

यह विधि भी खाद बनाने की सस्ती विधि है. किसान खाद बनाने हेतु ऐसा छायादार स्थान चुनें जहाँ छन छन कर धूप आ रही हो। जितने भी स्थान पर आप खाद बनाना चाहते हैं उस स्थान को गीले गोबर से लीपें तथा चार कोनों में और बीच में दो स्थानों में ज़मीन में मोटी लकड़ियाँ गाड़ें। इन लकड़ियों के सहारे से बाँस अथवा टहनियों की टटिया (पूर्व से तैयार) को रस्सी से बाँध कर मज़बूत टंकी तैयार करें. टंकी की लम्बाई और चौड़ाई 2 खाट के बराबर और ऊँचाई कमर की ऊँचाई के बराबर रखें. इस टंकी को भू–नाडेप की तरह ही भरें तथा गोबर की ठंडी खाद भी उसी विधि से बनायें।

- *क्या आप ज़मीन के भीतर गड्ढे में गोबर की खाद का निर्माण करते है.*
- *जब आप गोबर की खाद को खोद कर ज़मीन से खोदकर खेत में डालने के लिये, बाहर निकालते हैं क्या गोबर की खाद गर्म, हरी, भारी एवं जमी हुई निकलती है.*
- *क्या इस प्रकार की गोबर खाद को खेत में डालने के उपरांत, पहली बारिश होने के तुरंत बाद खरपतवार उगने प्रारम्भ हो जाते हैं और कीट तथा बीमारियों का आक्रमण हो जाता है.*
- *क्या इन खरपतवार, दीमक, कीट और बीमारियों को रोकने के प्रयास में आप खेती की लागत को बढ़ा कर लाभांश कम कर लेते हैं.*
- *क्या आप इस नुकसान से छुटकारा पाना चाहते हैं और गोबर की खाद को ज़मीन की सतह के ऊपर भू–नाडेप, टटिया नाडेप अथवा पक्के नाडेप द्वारा तैयार कर खाद का लाभ लेना चाहते हैं। तो यह वैज्ञानिक लेख पढ़ें –*

खाद निर्माण के दौरान यह न करें

- गोबर की खाद बनाने हेतु मिट्टी का उपयोग कतई न करें। यह पकती नहीं है।
- किसान घर का कचड़ा गोबर बनाने के ढेर में न डालें। यह भी पकता नहीं हैं।
- खाद बनाने के लिये मोटे डंठल और लकड़ियों का उपयोग न करें इनको पकने में समय लगता है।
- ज़मीन के नीचे गड्ढे में खाद निर्माण सामग्री एकत्रित न करें क्योंकि वायु कि अनुपस्थिति में खाद कच्ची रह जाती है।

प्लास्टिक सुरंग में बेमौसम सब्जियां लगाएं

संरक्षित खेती का मुख्य उद्देश्य सब्जी फसलों को जैविक या अजैविक कारकों से बचाकर उगाना होता है। इसमें फसल को किसी एक कारक या कई कारकों से बचाकर उगाया जा सकता है। संरक्षित सब्जी उत्पादन के लिये सब्जी उत्पादकों को खेती व विभिन्न संरक्षित संरचनाओं की पूर्ण जानकारी होना आवश्यक है। उसके बाद ही उत्पादक तय कर सकता है कि वह किस प्रकार की संरक्षित तकनीक अपनाकर बेमौसमी सब्जी का उत्पादन करे। इसमें कृषक को यह ध्यान रखना चाहिए कि वह कौन–कौन सी संरक्षित प्रौद्योगिकियां का उपयोग करें ताकि वह सब्जियों को वर्ष भर उगा सके। संरक्षित संरचनाओं को बनाने के बाद रख–रखाव में क्या व्यय होगा तथा उच्च गुणवत्ता वाली सब्जियों को वह किस बाजार में बेचकर अधिक लाभ कमा सकता है। मुख्यतः सब्जी उत्पादन हेतु उचित व उपयुक्त संरक्षित प्रौद्योगिकी की आवश्यकता उस क्षेत्र की जलवायु पर निर्भर करती है। लेकिन इसके अलावा किसान की आर्थिक दशा टिकाऊ व उच्च बाजार की उपलब्धता व बिजली की उपलब्धता आदि कारक भी इसको निर्धारित करते हैं। सब्जियों के बेमौसमी उत्पादन हेतु खासतौर पर एअरकंडीशन ग्रीनहाउस, प्राकृतिक हवा वाले ग्रीन हाउस, प्राकृतिक हवा वाले ग्रीनहाउस, कम लागत वाले पॉलीहाउस, लो प्लास्टिक टनल आदि का उपयोग किया जाता है। बेमौसमी सब्जियों की संरक्षित खेती के लिये सब्जियों की पौध प्लग ट्रे पद्धति में तैयार की जाती है तथा उसके बाद पौधों को उपयुक्त संरक्षित संरचना में रोपाई करते हैं।

लो प्लास्टिक टनल तकनीक

लो प्लास्टिक टनल तकनीक ऐसी संरक्षित तकनीक है जिसे मुख्य खेत में फसल की रोपाई के बाद प्रत्येक फसल क्यारी के ऊपर कम ऊंचाई पर प्लास्टिक की चादर ढक कर बनाया जाता है। यह फसल को कम तापमान से होने वाले नुकसान से बचाने के लिये बनाई जाती है। यह तकनीक उत्तर भारत के उन मैदानों में सब्जियों की बेमौसमी खेती के लिये बहुत उपयोगी है जहां सर्दी के मौसम में रात का तापमान लगभग 40 से 60 दिनों तक 8 डिग्री से नीचे रहता है।

इस तकनीक से बेमौसमी सब्जियों उगाने के लिए सब्जियों की पौध को प्लास्टिक प्लग ट्रे तकनीक से दिसंबर व जनवरी में ही तैयार किया है। ऐसी संरचना बनाने के लिए सबसे पहले ड्रिप सिंचाई की सुविधायुक्त खेत में जमीन से उठी क्यारियों का निर्माण उत्तर से दक्षिण दिशा में किया जाता है। इसके बाद क्यारियों के मध्य में एक ड्रिप लाइन बिछा दी जाती है। क्यारी के ऊपर 2 मि.मी. मोटे जंगरोधी लोहे के तारों या पतले व्यास के पाइपों को मोड़ कर घेरे इस प्रकार बनते है कि इसके दो सिरों की दूरी 50–60 से.मी. तथा मध्य से ऊंचाई भी 50–60 से.मी. रहे। तारों के बीच की दूरी 15 से 20 मी. रखनी चाहिए इसके बाद तैयार पौध को क्यारियों में रोपाई करते हैं तथा दोपहर बाद 20–30 माईक्रोन मोटाई तथा लगभग 20 मी. चौड़ाई की पारदर्शी प्लास्टिक की चादर से ढका जाता है। ढकने के बाद प्लास्टिक के लम्बाई वाले दोनों सिरों को मिट्टी से दबा दिया जाता है। इस प्रकार रोपित फसल पर प्लास्टिक की एक लघु सुरंग बन जाती है। यदि रात को तापमान लगातार 5 डिग्री से.ग्रे. से कम है तो सात से दस दिन तक प्लास्टिक में छेद करने की आवश्यकता नहीं है। लेकिन उसके बाद प्लास्टिक में पूर्व दिशा की ओर चोटी से नीचे की ओर छोटे–छोटे छेद कर देते हैं। जैसे–जैसे तापमान बढ़ता है इन छेदों का आकार भी बढ़ाया जाता है। पहले छेद 2.5 से 3.0 मी. की दूरी पर बनाते है बाद में इन्हें 1.0 मी. दूरी पर बना देते हैं। आवश्यकतानुसार मौसम ठीक होने पर तापमान को ध्यान में रखते हुए टनल की प्लास्टिक का फरवरी के अंत से मार्च के प्रथम सप्ताह में पूरी तरह से हटा दिया जाता है। इस समय तक फसल काफी बढ़ चुकी होती है तथा कुछ फसलों में तो फल स्थापन भी आरंभ हो चुका होता है। इस तकनीक से बेल वाली समस्त सब्जियों को मौसम से पहले या पूर्णतः बेमौसम में उगाना संभव है।

विभिन्न बेल वाली सब्जियों में इस तकनीक से संभावित फसल अगेतापन इस प्रकार है-

चप्पन कद्दू	– 40 से 60 दिन
लौकी	– 30–40 दिन
करेला	– 30 से 40 दिन
खीरा	– 30 से 40 दिन
खरबूजा	– 30 से 40 दिन

एक नजर

रुद्रपुर राइजिंग फाउंडेशन ने किया पौधरोपण

उधमसिंह नगर। आओ पौधे लगाएं, धरा को हरा भरा बनाएं अभियान के तहत रुद्रपुर राइजिंग फाउंडेशन ने कैनाल कॉलोनी में दर्जनों छायादार पौधे रोपे। फाउंडेशन मंगलवार को हरेला पर्व पर भी इसी कॉलोनी में पौधरोपण अभियान चलाएगी। कैनाल कॉलोनी में राइजिंग के सदस्यों ने 50 से अधिक नीम, गुलमोहर, कनेर, अमलताश आदि छायादार पौधे रोपे। फाउंडेशन के अध्यक्ष विजय आहूजा ने कहा कि संस्था द्वारा शहर को हरा भरा रखने के लिए पौधरोपण अभियान चलाया जा रहा है। पेड़-पौधे ही हमारे जीवन रक्षक हैं। साथ ही पेड़-पौधे की अधिकता मानव जीवन को स्वास्थ्य रखने में मदद करता है। बढ़ती ग्लोबल वार्मिंग को देखते हुए सामूहिक जिम्मेदारी के साथ सभी को ना सिर्फ पौधे लगाने चाहिए बल्कि उनके संरक्षण पर भी विशेष ध्यान देना चाहिए।

कार सवार चार युवकों से पकड़ा चिट्टा, गिरफ्तार

शिमला। रोहड़ू उपमंडल में पुलिस ने शनिवार देर रात कार्रवाई करते हुए एक कर से मादक पदार्थ चिट्टा बरामद किया। कार में चालक सहित चार युवक सवार थे। रात करीब 10 बजे रोहड़ू पुलिस की टीम ने समाला में नाकाबंदी की हुई थी। इस दौरान वाहनों की चेकिंग का दौर भी जारी था। इस दौरान एक कार को चेक किया तो इसके डैश बोर्ड से 7.98 ग्राम चिट्टा बरामद हुआ। इस पर पुलिस ने कार में बैठे चालक के अलावा उसके तीन साथियों को गिरफ्तार कर लिया। रोहड़ू के डीएसपी रविन्द्र नेगी ने बताया कि गिरफ्तार किए गए युवकों में तीन शिमला और एक जम्मू कश्मीर का है।

बस दुर्घटना : तीन दिनों में सिर्फ 5 शव बरामद

काठमांडू। शुक्रवार को तड़के नदी में गिर कर दुर्घटनाग्रस्त हुई दो बसों में सवार 65 यात्रियों में की तलाश में चलाए गए बचाव एवं राहत अभियान के दौरान अबतक सिर्फ 5 शव बरामद हुए हैं। खोजी काम का दायरा 150 किलोमीटर तक करने के बाद भी रविवार सुबह तक खास सफलता नहीं मिली। यहां तक कि हादसे का शिकार हुई दोनों बसों का भी अबतक कोई पता नहीं चला है। शनिवार को मिले तीन शव के बाद रविवार सुबह दो और शव बरामद हुए। चितवन के प्रमुख जिलाधिकारी इन्द्रदेव यादव ने बताया कि आज दोनों शव पूर्वी नवलपरासी जिले के गोलाघाट के पास से बरामद किए गए।

20 करोड़ की कोकीन के साथ महिला गिरफ्तार

काठमांडू। नेपाल पुलिस की नारकोटिक्स विभाग ने काठमांडू के एक होटल में छापा मार कर 5 किलोग्राम 820 ग्राम कोकीन के साथ एक मलेशियाई महिला को गिरफ्तार किया है। बरामद कोकीन की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत 20 करोड़ 36 लाख रुपये आंकी गई है। नारकोटिक्स विभाग के एसएसपी दिनेश आचार्य ने रविवार को बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर सिटी होटल में छापा मारकर 47 वर्षीय मलेशियाई महिला बाथुमालाई भाडुभाली को 5 किलोग्राम 820 ग्राम कोकीन के साथ गिरफ्तार किया गया है। यह ड्रग्स तंजानिया से मलेशिया होते हुए नेपाल लाया गया जहां इसकी डिलवरी भारत के किसी शख्स को करनी थी। नेपाल की पुलिस गिरफ्तार मलेशियाई महिला से पूछताछ में जुटी है।

ऋषिकेश घूमने आया युवक गंगा में डूबा

ऋषिकेश। शनिवार को हरियाणा से अपने तीन दोस्तों के साथ आया एक युवक शिवपुरी नमामि गंगे घाट पर नहाते हुए डूब गया। सूचना मिलते हीएसडीआरएफ डीप डाइविंग टीम ढाल वाला व जल पुलिस, मुनि की रेती पुलिस घटनास्थल पर पहुंच गई थी। देर रात तक अभियान चलाकर उसे खोजने की कोशिश की गई पर कोई सफलता नहीं मिली। एसडीआरएफ के प्रभारी निरीक्षक कविंद्र सजवाण ने रविवार सुबह बताया कि शनिवार को हरियाणा के गुड़गांव से तीन दोस्त ऋषिकेश घूमने आए थे, जोकि नहाने के लिए एक साथ नमामि गंगे घाट पर गये।

अपहरणकर्ता गिरफ्तार, नाबालिग सकुशल बरामद

हरिद्वार। पुलिस ने जनपद के भगवानपुर से गायब एक नाबालिग को सकुशल बरामद कर लिया है। साथ ही नाबालिग का अपहरण करने वाले अपहरणकर्ता को भी गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के मुताबिक जनपद के थाना भगवानपुर निवासी एक व्यक्ति ने अपनी नाबालिग पुत्र के घर से बिना बताए कहीं चले जाने के संबंध में तहरीर देकर उसकी खोज की गुहार लगाई थी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर नाबालिग की तलाश शुरू की।

नशीले इंजेक्शनों की खेप के साथ युवक गिरफ्तार

हरिद्वार। ड्रग्स फ्री देवभूमि मिशन में जुटी पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक नशा तस्कर को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपित के पास से पुलिस ने 100 नशीले इंजेक्शन बरामद किए हैं। पुलिस के मुताबिक पिरान कलियर थाना क्षेत्र में पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर एक युवक को गिरफ्तार किया। तलाशी के दौरान आरोपित के पास से प्रतिबंधित 100 ब्यूप्रेनोर्फिन इंजेक्शन व 90 सीरिंज बरामद की।

बीमारियों की रोकथाम के लिए लगाएं स्वास्थ्य शिविर: विष्णुदेव

सभी स्वास्थ्य केन्द्रों में जीवन रक्षक दवाओं का पर्याप्त भण्डारण रहे

रायपुर। एजेंसी

संवेदनशील मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने मौसमी बीमारियों की रोकथाम और बचाव के लिए जागरुकता अभियान चलाने के निर्देश स्वास्थ्य महकमा और संबंधित विभागीय अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा है कि प्रदेश के किसी भी क्षेत्र में मलेरिया, डायरिया, जनजनित बीमारी सहित मौसमी बीमारियों की जानकारी मिलने पर त्वरित रूप से स्वास्थ्य अमला स्वास्थ्य शिविर लगाकर प्रभावितों का उपचार करना सुनिश्चित करें। साय ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए है कि मलेरिया, डायरिया सहित मौसमी बीमारियों की रोकथाम के लिए सभी आवश्यक

जीवन रक्षक दवाओं का पर्याप्त भण्डारण सुनिश्चित कर सूचना मिलने पर प्रभावित क्षेत्रों को आवश्यक दवाओं के साथ त्वरित रूप से रवाना कर उपचार सुनिश्चित करे, जिससे संभावित जनहानि को बचाया जा सके।

मुख्यमंत्री साय के निदेर्शानुसार उपमुख्यमंत्री एवं गृह मंत्री विजय शर्मा गत दिवस कबीरधाम जिले

- **चिकित्सकों को बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने निर्देश दिए**
- **जीवन रक्षक दवाओं का पर्याप्त भण्डारण सुनिश्चित करें**

के बोड़ला विकासखण्ड के सुदूर वनांचल ग्राम चिल्फी, झलमला और तरेगांव जंगल, सोनवाही का भ्रमण कर स्वास्थ्य संबंधी जानकारी ली। उन्होंने ग्राम सोनवाही पहुंचकर ग्रामीणों सहित डायरिया पीड़ित परिवार के परिजनों से मुलाकात की और राज्य शासन से हर संभव दिलाने के लिए भरोसा दिलाया।

उपमुख्यमंत्री शर्मा ने ग्राम सोनवाही में गत दिवस हुई दो ग्रामीणों की आकस्मिक मृत्यु पर अपनी गहरी संवेदना प्रकट की। उन्होंने ग्राम सोनवाही के आदिवासी बालक छात्रावास में बनाएं गए अस्थाई स्वास्थ्य शिविर का निरीक्षण किया और मरीजों से चर्चा की। उन्होंने चिकित्सकों को बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने निर्देश दिए।

उपमुख्यमंत्री ने जिला प्रशासन को निर्देशित किया कि वनांचल सहित मैदानी क्षेत्रों में मौसमी बीमारी, डायरिया, उल्टी दस्त और जलजनित बीमारियों का संक्रमण ना हो इसके लिए प्रभावी कार्य योजना बनाने की जरूरत है।

दुनिया भर के राष्ट्राध्यक्षों ने ट्रम्प पर हमले की निंदा की, कहा- राजनीति में हिंसा अस्वीकार्य

वाशिंगटन। एजेंसी

अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति और रिपब्लिकन पार्टी से राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रम्प पर पेंसिल्वेनिया के बटलर में चुनावी रैली के दौरान हुए हमले की दुनिया भर के राष्ट्राध्यक्षों ने कड़ी निंदा करते हुए इसे अस्वीकार्य बताया है। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन ने घटना की निंदा करते हुए कहा कि अमेरिका में इस तरह की हिंसा के लिए कोई जगह नहीं है।

अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा ने कहा कि लोकतंत्र में राजनीतिक हिंसा की कोई जगह नहीं है। हालाँकि हम अभी तक नहीं जानते कि वास्तव में क्या हुआ था, राहत की बात है कि पूर्व राष्ट्रपति ट्रम्प को गंभीर चोट नहीं आई। भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हमले पर चिंता जताते हुए एक्स पर लिखा, दोस्त डोनाल्ड ट्रंप पर हमले से काफी चिंतित हूं। इस घटना की कड़ी निंदा करता हूं। राजनीति और लोकतंत्र में हिंसा की कोई जगह नहीं है। उनके जल्द ठीक होने की कामना करता हूं। इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा है कि वे इस घटना से स्तब्ध हैं। कनाडा के पीएम जस्टिन ट्रूडो ने कहा कि राजनीतिक हिंसा कभी भी स्वीकार्य नहीं है। मेरी संवेदनाएं पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप, कार्यक्रम में मौजूद लोगों और सभी अमेरिकियों के साथ है। ब्रिटेन के नवनिर्वाचित प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर ने इस घटना की निंदा करते हुए कहा कि किसी भी रूप में राजनीतिक हिंसा का हमारे समाज में कोई स्थान नहीं है। इटली की प्रधानमंत्री जियोर्जिया मेलोनी ने ट्रम्प के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। जापान के प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा ने कहा कि हमें लोकतंत्र को चुनौती देने वाली किसी भी प्रकार की हिंसा के खिलाफ मजबूती से खड़ा होना चाहिए।

महिला से युवक ने की दुष्कर्म की कोशिश

हरिद्वार। जनपद के लक्सर क्षेत्र में महिला ने एक युवक पर दुष्कर्म की कोशिश करने का आरोप लगाया है। महिला की तहरीर पर पुलिस ने युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। मुकदमा दर्ज करने के बाद पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। महिला ने युवक पर मारपीट करने और जानलेवा हमला करने का भी आरोप लगाया है। लक्सर कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि बीते दिन वह अपने घर के बाहर लगे सरकारी नल पर पानी भर रही थी। इसी बीच गांव का ही एक युवक वहां आया और पीछे से उसे पकड़ लिया व अश्लील हरकतें करते हुए उसके साथ दुष्कर्म का प्रयास किया। विरोध करने पर आरोपित ने उसके साथ मारपीट करते हुए उस पर जानलेवा हमला किया। शोर शराबे की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर आ गए। जिस पर आरोपी मौके से फरार हो गया। लक्सर कोतवाली प्रभारी राजीव रोथाण ने बताया कि पीड़िता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

नशा उन्मूलन एवं साइबर क्राइम रोकथाम में हिमाद निभा रहा सशक्त भूमिका : उमाशंकर

गोपेश्वर। एजेंसी

चमोली जिला मुख्यालय गोपेश्वर में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण और स्वैच्छिक संगठन हिमाद के तत्वावधान में रविवार को विधिक जागरूकता गोष्ठी आयोजित की गई। गोष्ठी में हिमाद के सचिव एवं पैरालीगल स्वयंसेवक उमाशंकर बिष्ट ने कहा कि नशा उन्मूलन एवं साइबर क्राइम रोकथाम में हिमाद सशक्त भूमिका अदा कर रहा है। गोष्ठी में नशा उन्मूलन, साइबर क्राइम एवं लैंगिक अपराधों से बच्चों का संरक्षण अधिनियम, स्वयंसेवी संगठनों के विकास, सामाजिक कार्यकताओं, सामुदायिक संगठनों के सदस्यों के साथ व्यापक विचार-विमर्श किया गया। हिमाद के सचिव ने नशा उन्मूलन अभियान, साइबर क्राइम की वैधानिक जानकारी दी। उन्होंने निःशुल्क विधिक सेवा प्राप्त करने के लिए पात्र व्यक्तियों का ब्यौरा राष्ट्रीय, राज्य, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं तहसील विधिक सेवा समिति के कार्यों एवं भूमिका से प्रतिभागियों को अवगत कराया। गोष्ठी में ईको लैब एवं हिमाद की समन्वयक प्रभा रावत ने बाल अधिकारों की चर्चा करते हुए कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए वैज्ञानिक सोच को विकसित करने की आवश्यकता है। उन्होंने मिशन वात्सल्य योजना के तहत अनाथ एवं एकल अभिभावकों के बच्चों को स्पॉन्सरशिप फोस्टर केयर योजना की जानकारी देने के साथ ही जरूरतमन्द बच्चों की देखरेख एवं संरक्षण के लिए जिला बाल कल्याण समिति की भूमिका एवं जिम्मेदारियों से रूबरू कराया।

नेपाल से प्रतिदिन 800 मेगावाट से अधिक बिजली खरीद रहा भारत

- **हरियाणा, उत्तर प्रदेश, बिहार में आयात हो रही बिजली**

काठमांडू। एजेंसी

नेपाल और भारत के बीच हुए विद्युत व्यापार समझौते का अधिकतम लाभ नेपाल को मिल रहा है। इस समय नेपाल की तरफ से रिकार्ड 800 मेगावाट बिजली का निर्यात किया जा रहा है जिससे नेपाल को अरबों रुपए की कमाई हो रही है। नेपाल विद्युत प्राधिकरण की तरफ से इस समय दैनिक रूप से भारत को 800 मेगावाट से अधिक बिजली बेची जा रही है। शनिवार को अब तक का सर्वाधिक 810 मेगावाट बिजली बेचने की जानकारी दी गई है। प्राधिकरण के कार्यकारी निदेशक कुलमान घिसिंग ने इस बिजली व्यापार पर प्रसन्नता जाहिर करते हुए कहा कि नेपाल के अर्थतंत्र में विद्युत व्यापार का सबसे अहम योगदान हो रहा है।

कार्यकारी निदेशक घिसिंग ने कहा कि पिछले एक हफ्ते में नेपाल से



780 मेगावाट से लेकर 810 मेगावाट तक की बिजली निर्यात की गई है। पिछले तीन दिन से यानी गुरुवार से बिजली निर्यात का आंकडा 800 मेगावाट के पार हो रहा है। कुलमान घिसिंग के मुताबिक इस समय भारत के विद्युत व्यापार निगम से 1000 मेगावाट बिजली निर्यात की अनुमति अभी मिली हुई है और 190 मेगावाट बिजली निर्यात के लिए स्वीकृति मिलने की बात अन्तिम चरण में है।

पिछले वर्ष इसी महीने में अधिकतम 600 मेगावाट बिजली का निर्यात किया गया था। बीच में गर्मी के महीने में बिजली का निर्यात कम हो गया था लेकिन मॉनसून आने के बाद बिजली का उत्पादन बढ़ने के कारण इस समय रिकार्ड मात्रा में बिजली का निर्यात किया जा रहा है। आने वाले दिनों में इसके 1000 मेगावाट तक पहुंचने की पूरी संभावना है। नेपाल की तरफ से भारत के केन्द्रीय पिरसारण लाईन में करीब 190 मेगावाट बिजली निर्यात किया जा रहा है जिसकी कीमत 5.25 (नेपाली 8.40) रुपए प्रति युनिट रखा गया है।

जबकि बाकी बिजली भारत के इनर्जी एक्सचेंज में डे अहेड के प्रतिष्पर्द्धा के आधार पर 6 रुपए (9.40 रूपए नेपाली) प्रति युनिट बिक्री की जा रही है। भारत में हरियाणा, उत्तर प्रदेश और बिहार की तरफ से नेपाल से बिजली की खरीद की जा रही है।

शाहपुरा नया जिला है, विकसित जिला बनायेगें : डॉ. मंजू

शाहपुरा। एजेंसी

जिले की प्रभारी मंत्री डॉ. मंजू बाघमार ने कहा कि राज्य सरकार का मुख्य उद्देश्य राजस्थान को विकसित बनाना है, और इसके लिए विभिन्न योजनाओं और कार्यक्रमों को लागू किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि शाहपुरा नया जिला है, इसे विकसित जिला बनाएंगे। डॉ मंजू बागमर रविवार को शाहपुरा में पत्रकारों से चर्चाकर रही थी।

इससे पूर्व यहां कलेक्ट्रेट में जिला अधिकारियों की समीक्षा बैठक लेकर बजट प्रावधानों के बारे में काम करने के निर्देश दिये। डा. मंजू बाघमार ने कहा, हमारा लक्ष्य विकसित राजस्थान बनाना है और राज्य के बजट में हर वर्ग का विशेष ध्यान रखा गया है। युवाओं को रोजगार देने और महिला सशक्तिकरण पर विशेष जोर दिया

गया है। हम अंतिम छोर के व्यक्ति को लाभान्वित करने की मंशा से काम कर रहे हैं।

पत्रकार वार्ता में सांसद दामोदर अग्रवाल, विधायक लालाराम बैरवा, गोपीचंद मीणा, और भाजपा जिला अध्यक्ष प्रशांमत मेवाड़ा भी मौजूद थे। उन्होंने राज्य सरकार की योजनाओं और प्राथमिकताओं पर अपने विचार रखे और शाहपुरा के विकास के लिए प्रतिबद्धता जताई। प्रभारी मंत्री डा. मंजू बाघमार ने शाहपुरा को विकसित जिला बनाने के प्रयासों पर भी प्रकाश डाला।

भाजपा कार्यकर्ता विपक्ष के झूठ और अफवाह का करेंगे फर्दाफाश: भूपेन्द्र

लखनऊ। एजेंसी

भारतीय जनता पार्टी(भाजपा) के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने कहा कि भाजपा के पदाधिकारी भी कार्यकर्ता हैं, मैं भी कार्यकर्ता हूं। हम सब विपक्षियों के झूठ,अफवाह एवं तुष्टीकरण का जवाब देने के लिए कमर कसकर तैयार हो जाएं। उन्होंने कहा कि मैं अध्यक्ष के रूप में आपको आश्वस्त करता हूं कि कार्यकर्ता का सम्मान हमारी प्राथमिकता है, जिसके साथ कोई भी समझौता नहीं किया जाएगा। पार्टी अपने सभी कार्यकताओं के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है। उन्होंने कहा कि हम सब मिलकर संकल्प लें कि आगामी 10 विधानसभा सीटों पर होने वाले उपचुनावों में शत-प्रतिशत विजय श्री हासिल करेंगे। यह बातें वह भाजपा की

प्रदेश कार्यसमिति को सम्बोधित करते हुए रविवार को कही।

उन्होंने कहा कि हम बूथ के कार्यकर्ताओं की ताकत और अपने मूलमंत्र प्रण अंत्योदय, पथ अंत्योदय और लक्ष्य अंत्योदय के माध्यम से देने के लिए कृतसंकल्पित है। कहा कि हम सभी कार्यकर्ता प्रत्येक बूथ पर घर-घर प्रत्येक मतदाता तक जाएंगें और अपनी सरकार के अंत्योदयी योजनाओं का प्रचार करेंगे और विपक्ष के झूठ और अफवाह का पदार्फाश करेंगे। भूपेन्द्र चौधरी ने कहा कि हमारी अगली लड़ाई स्वार्थी परिवारवादियों और मोदी के परिवार के बीच है, राष्ट्र विरोधियों और राष्ट्रभक्तों के बीच में है, धर्म और अधर्म के बीच में है, तुष्टीकरण और संतुष्टीकरण के बीच में है, भ्रष्टाचारियों और सदाचारियों के बीच में है। 2047 में भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का मोदी जी का संकल्प को हम सभी कार्यकर्ता पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है।

कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने किया प्रदर्शन

हरिद्वार। कांग्रेस कार्यकताओं ने निवर्तमान मेयर अनिता शर्मा के नेतृत्व में शनिवार को प्रदर्शन करते हुए प्रशासन पर अव्यवस्थाओं का आरोप लगाया। सुभाष घाट पर प्रदर्शन के दौरान अनिता शर्मा ने आरोप लगाया कि कांवड़ लेने के लिए दूर क्षेत्रों से श्रद्धालु धर्मनगरी पहुंच रहे हैं, लेकिन जो सुविधा उनको मिलनी चाहिए वह नहीं मिल रही। हरकी पैड़ी स्थित सुभाष घाट पर गड्ढे हो रहे हैं। टाइल भी क्षतिग्रस्त होने से श्रद्धालुओं को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। पिछले वर्ष भी अधिकारियों को इस संदर्भ में अवगत कराया था, लेकिन कुछ नहीं हो रहा। उन्होंने कहा कि करोड़ों की संख्या में गंगाजल लेने कांवड़िए हरकी पैड़ी पहुंचेंगे। उन्हें पथरीले और टूटे-फूटे घाट पर चलना पड़ेगा। शासन-प्रशासन को इस ओर भी ध्यान देना चाहिए। सिर्फ बंद कमरों में मीटिंग करके कुछ नहीं होगा। धरातल पर कार्य करना चाहिए। पूर्व सभासद अशोक शर्मा ने कहा कि इस प्रकार की व्यवस्था से आने वाले श्रद्धालु क्या संदेश लेकर जाएंगे।

शिकायतों का समाधान सरकार की प्राथमिकता : धामी

- **सरकार की ओर से अधिकांश सेवाएं ऑनलाइन माध्यम से दी जा रही हैं**
- **विभिन्न सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों को धनराशि डीबीटी के माध्यम से दी जा रही है**

देहरादून। एजेंसी

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार को मुख्यमंत्री आवास स्थित मुख्य सेवक सदन में प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों से आये लोगों की शिकायतों और समस्याओं को सुनते हुए त्वरित समाधान के लिये अधिकारियों को निर्देश दिये। मुख्यमंत्री ने कहा कि जन

समस्याओं का त्वरित समाधान करना सरकार की प्राथमिकता है। मुख्यमंत्री धामी ने अधिकांश जन समस्याओं और शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया।

कुछ जन समस्याओं को सबंधित विभागों को कार्रवाई करने के निर्देश दिये हैं। मुख्यमंत्री के समक्ष विभिन्न क्षेत्रों से आये लोगों ने सड़क, बिजली, पेयजल, स्वास्थ्य, आर्थिक सहायता और अपने क्षेत्रों की विभिन्न समस्याओं को रखा। मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी की समस्याओं का यथासंभव समाधान किया जायेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार की ओर से अधिकांश सेवाएं ऑनलाइन माध्यम से दी जा रही हैं। विभिन्न सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों को धनराशि डीबीटी के माध्यम से दी जा रही है। उन्होंने प्रदेश की जनता से अपील की है कि अपुणि सरकार पोर्टल के माध्यम से दी जा रही विभिन्न ई-सेवाओं का लाभ उठायें।

उन्होंने कहा कि सभी जिलाधिकारियों को तहसील दिवस और बीडीसी की नियमित बैठकें करने के निर्देश दिये गये हैं। इसका मुख्य उद्देश्य ब्लॉक, तहसील और जनपद स्तर पर ही जन समस्याओं का समाधान करवाना है। सभी जिलाधिकारियों को प्रत्येक कार्यदिवस में जनसुनवाई करने के निर्देश दिये गये हैं।

संतों के सानिध्य में सद्बुद्धि का संचार होता है : महाराज

हरिद्वार। श्री गीता विज्ञान आश्रम के परम अध्यक्ष महामंडलेश्वर स्वामी विज्ञानानंद सरस्वती महाराज ने कहा कि संतों के सानिध्य में सद्बुद्धि का संचार होता है जिससे समाज में समरसता का वातावरण बनता है और सर्वे भवंतु सुखिनः की परिकल्पना साकार होती है। स्वामी विज्ञानानंद सरस्वती महाराज रविवार को श्रीगीता विज्ञान आश्रम ट्रस्ट के तत्वावधान में राजा गार्डन स्थित श्री हनुमान मंदिर सत्संग हॉल में गुरु पूजा महोत्सव के उपलक्ष्य में विश्व कल्याण हेतु आयोजित श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह के अवसर पर श्रद्धालुओं को धर्म के सापेक्ष आचरण करने की ज्ञान दीक्षा दे रहे थे। श्रीमद् भागवत को भवसागर की वैतरिणी बताते हुए उन्होंने कहा कि सत्संग का उद्देश्य समाज का कल्याण होता है।

अमरनाथ तीर्थयात्रा: 4,889 श्रद्धालुओं का नया जत्था जम्मू से कश्मीर के लिए रवाना

जम्मू। एजेंसी

4,889 अमरनाथ तीर्थयात्रियों का नया जत्था रविवार को जम्मू से कश्मीर के पहलगाम और बालटाल बेस कैंपों के लिए रवाना हुआ। तीर्थयात्री कड़ी सुरक्षा के बीच सुबह करीब 3 बजे 187 वाहनों के काफिले में जम्मू के भगवती नगर बेस कैंप से रवाना हुए। 500 महिलाओं और 11 बच्चों सहित 2,993 तीर्थयात्री अपनी यात्रा के लिए 48 किलोमीटर लंबे पारंपरिक पहलगाम मार्ग का इस्तेमाल करेंगे जबकि 1,896 तीर्थयात्रियों ने छोटे लेकिन खड़ी चढ़ाई वाले 14 किलोमीटर लंबे बालटाल मार्ग को प्राथमिकता दी है। इस जत्थे के



साथ ही जम्मू से अमरनाथ यात्रा शुरू करने वाले लोगों की संख्या 91,202 हो गई है।

बाकी तीर्थयात्री सीधे घाटी के बेस कैंपों में पहुंचे हैं। 52 दिवसीय यात्रा 29 जून को अनंतनाग के पहलगाम और गंदेरबल जिले के बालटाल के जुड़वां मार्गों से शुरू हुई थी। अब तक 2.97 लाख से अधिक तीर्थयात्री दक्षिण कश्मीर हिमालय में 3,880 मीटर ऊंचे गुफा मंदिर में पूजा-अर्चना कर चुके हैं।

यात्रा 19 अगस्त को रक्षा बंधन के त्योहार के साथ श्रावण पूर्णिमा पर समाप्त होगी। पिछले साल 4.5 लाख से अधिक तीर्थयात्रियों ने मंदिर में प्रार्थना की थी।

एक नजर

पूर्व पाकिस्तानी ऑलराउंडर बिली इबादुल्ला का निधन

लाहौर। पूर्व पाकिस्तानी ऑलराउंडर बिली इबादुल्ला का शुक्रवार को 88 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उन्होंने 1964 और 1967 के बीच चार टेस्ट खेले और टेस्ट डेब्यू पर शतक लगाने वाले पाकिस्तान के पहले बल्लेबाज थे। क्रिकइंफो के अनुसार इबादुल्ला ने 1964 में कराची में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट डेब्यू कियाथा और पहली पारी में 166 रन बनाए। वह अपने साथी डेब्यूटेंट और विकेटकीपर अब्दुल कादिर के साथ 249 रन की ओपनिंग साझेदारी का हिस्सा थे। यह साझेदारी एक कीर्तिमान थी, जो आज तक कोई भी नहीं तोड़ पाया है। यह टेस्ट क्रिकेट में किसी भी विकेट के लिए दो पदार्पण करने वालों बल्लेबाजों के बीच की सर्वोच्च साझेदारी थी। हालांकि इबादुल्ला ने केवल तीन और टेस्ट खेले, जहां उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 32 रन था। उन्होंने एक विकेट भी लिया था। वह प्रथम श्रेणी क्रिकेट में एक सफल बल्लेबाज थे। उन्होंने 27.28 की औसत से प्रथम श्रेणी 17,078 रन बनाए और 30.96 की औसत से 462 विकेट लिए। उनके 417 प्रथम श्रेणी मैचों में से 377 विकेट वारविकशायर के लिए थे। वारविकशायर लिए उन्होंने एक दशक से अधिक समय तक खेला। बाद में वह न्यूजीलैंड चले गए और कुछ सीजन ओटागो के लिए खेले। 64 लिस्ट ए मैचों में इबादुल्ला ने 829 रन बनाए और 84 विकेट लिए। उन्होंने 20 प्रथम श्रेणी मैचों और 12 लिस्ट ए मैचों में अंपायर के रूप में भी काम किया। उन्होंने न्यूजीलैंड में एक निजी कोचिंग क्लिनिक भी चलाया। उनके बेटे कासिम इबादुल्ला ने भी ग्लूस्टरशायर और ओटागो के लिए 31 प्रथम श्रेणी खेल और 19 लिस्ट ए मैच खेल खेले।

हॉकी इंडिया सब जूनियर पुरुष और महिला नॉर्थ जोन चैंपियनशिप झांसी में

नई दिल्ली। दूसरी हॉकी इंडिया सब जूनियर पुरुष और महिला नॉर्थ जोन चैंपियनशिप 15 जुलाई से उत्तर प्रदेश के झाँसी में शुरू होगी। फाइनल 22 जुलाई को होगा। सब जूनियर पुरुष नॉर्थ जोन चैंपियनशिप में भाग लेने वाली सदस्य इकाइयां पूल ए में हॉकी हरियाणा, हॉकी चंडीगढ़ और हॉकी उत्तराखंड हैं, जबकि पूल बी में उत्तर प्रदेश हॉकी, हॉकी पंजाब, दिल्ली हॉकी और हॉकी जम्मू और कश्मीर हैं। सब जूनियर महिला नॉर्थ जोन चैंपियनशिप में भाग लेने वाली सदस्य इकाइयां हॉकी हरियाणा, उत्तर प्रदेश हॉकी, हॉकी पंजाब, हॉकी हिमाचल, हॉकी चंडीगढ़ और हॉकी उत्तराखंड हैं। हॉकी पंजाब और हॉकी जम्मू-कश्मीर का सब जूनियर पुरुष वर्ग का आयोजन कल उत्तर प्रदेश में होगा, इसके बाद उत्तर प्रदेश हॉकी और दिल्ली हॉकी के बीच मैच होंगे। सब जूनियर महिला वर्ग में हॉकी हरियाणा का मुकाबला हॉकी चंडीगढ़ से होगा, इसके बाद हॉकी पंजाब और हॉकी हिमाचल के बीच मुकाबला होगा। दिन के आखिरी मैच में उत्तर प्रदेश हॉकी का मुकाबला हॉकी उत्तराखंड से होगा। हॉकी इंडिया के अध्यक्ष डॉ. दिलीप टिर्की ने कहा मुझे यकीन है कि चैम्पियनशिप के माध्यम से, हम अपने युवा खिलाड़ियों द्वारा रोमांचक एक्शन और प्रभावशाली प्रदर्शन देखेंगे। मैं मैचों का इंतजार कर रहा हूं।

अंशुमन गायकवाड़ की मदद के लिए बीसीसीआई ने बढ़ाये हाथ

मुंबई। कैंसर से लड़ रहे पूर्व क्रिकेटर और कोच अंशुमान गायकवाड़ की मदद के लिये भारतीय क्रिकेट नियंत्रण बोर्ड (बीसीसीआई) ने हाथ बढ़ाये हैं। बीसीसीआई पूर्व भारतीय सलामी बल्लेबाज के इलाज के लिए एक करोड़ रुपये की तत्काल वित्तीय सहायता देगा। यह निर्णय 71 वर्षीय दिग्गज के समर्थन में क्रिकेट जगत और प्रशंसकों की व्यापक अपील के बाद आया है। बीसीसीआई सचिव जय शाह ने इस चुनौतीपूर्ण समय के दौरान समर्थन और सांत्वना देने के लिए गायकवाड़ के परिवार से व्यक्तिगत रूप से बात की है। शाह ने रविवार को कहा बीसीसीआई शीर्ष परिषद ने वित्तीय सहायता को मंजूरी दे दी है, और हमने गायकवाड़ के इलाज के लिए तत्काल प्रभाव से एक करोड़ रुपये जारी करने का निर्देश दिया है। हम उनके परिवार के साथ खड़े हैं और उनके शीघ्र स्वस्थ होने में सहायता के लिए हर संभव प्रयास करेंगे। हमें विश्वास है कि वह इस बीमारी से उबरेंगे और मजबूत होकर उभरेंगे। प्रसिद्ध बल्लेबाज और कोच गायकवाड़ ने 1975 और 1987 के बीच 40 टेस्ट और 15 एकदिवसीय मैचों में भारत का प्रतिनिधित्व किया।

अल्कराज और जोकोविच के बीच होगा विंबलडन फाइनल

मैं हर मैच में बेहतर टेनिस खेलने के लिए हर दिन बेहतर बनने की कोशिश करता हूं : अल्कराज

जोकोविच ने इतालवी लोरेंजो मुसेटी को हराकर 10वीं बार विंबलडन फाइनल में प्रवेश किया

लंदन। एजेंसी

पिछले साल के फाइनलिस्ट स्पेन के कार्लोस अल्कराज और सर्बिया के नोवाक जोकोविच एक बार फिर विंबलडन के फाइनल में आमने-सामने होंगे। सेमफाइनल में मौजूदा चैंपियन अल्कराज ने धीमी शुरूआत पर काबू पाते हुए रूस के पांचवें वरीय डेनियल मेदवेदेव को हराया। 21 वर्षीय अल्कराज को उसी प्रतिद्वंद्वी का सामना करना पड़ा जैसा उसने पिछले साल विंबलडन सेमीफाइनल में किया था जहां उसने सीधे सेटों में जीत हासिल की थी लेकिन मेदवेदेव ने इस कारनामे को दोहराने में विफल रह और 28 वर्षीय खिलाड़ी ने टाईब्रेक में 7-1 से दबदबा बनाने के बाद पहला सेट जीत लिया।

एक महीने पहले अपना पहला फ्रेंच ओपन खिताब जीतने वाले अलकराज ने दूसरे सेट से अपने खेल में सुधार किया। वह बेसलाइन में मेदवेदेव के लचीलेपन को तोड़ने के लिए ड्रॉप शॉट खेलने की कोशिश करते रहे। उन्होने यह मुकाबला 6-3, 6-4, 6-4 से अपने नाम किया। अल्कराज ने कहा टूर्नामेंट शुरू होने के बाद से मैंने नहीं सोचा था कि मैं मौजूदा चैंपियन हूं। मैं हर मैच में बेहतर टेनिस खेलने के लिए हर दिन बेहतर बनने की कोशिश करता हूं। वह निश्चित रूप से शुक्रवार को अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं कर सके, लेकिन मैं फाइनल में बहुत अच्छा महसूस कर रहा हूं। उधर, सर्बिया के जोकोविच ने इतालवी लोरेंजो मुसेटी को हराकर 10वीं बार विंबलडन फाइनल में प्रवेश किया।

22 साल के मुसेटी ने पिछले महीने फ्रेंच ओपन में जोकोविच को पांच सेट की लड़ाई में घसीटा और शुक्रवार को अद्भुत प्रदर्शन के साथ 24 बार के चैंपियन को फिर से चुनौती दी। चोट लगने के बाद एक महीने से भी कम समय पहले घुटने की सर्जरी कराने वाले 37 वर्षीय जोकोविच ने कहा मैं फाइनल में जगह बनाकर वास्तव में खुश हूं क्योंकि मैं, खासकर पहले कुछ मैचों में, अंतिम खिताबी मुकाबले के बारे में नहीं सोच रहा था। ईमानदारी से कहूं तो मैं बस अच्छी तरह से आगे बढ़ने, खुद को चोट न पहुंचाने और अपने आंदोलन में अधिक स्वतंत्र महसूस करने के बारे में सोच रहा था।

त्रिनबागो नाइट राइडर्स में मेंटोर की भूमिका निभाएंगी झूलन

मुम्बई। एजेंसी

भारती महिला क्रिकेट टीम की पूर्व तेज गेंदबाज झूलन गोस्वामी अब वेस्टइंडीज में होने वाले टी20 महिला क्रिकेट लीग में नजर आयेंगी। झूलन यहां त्रिनबागो नाइट राइडर्स की मेंटॉर रहेंगी। ये लीग 21 तारीख से 29 अगस्त तक चलेगी।

इस लीग में कई भारतीय महिला क्रिकेटर भी खेलेंगी।इस लीग में तीन ही टीमें बारबाडोस रॉयल्स, गुयाना अमेजन वॉरियर्स विमंस और त्रिनबागो नाइट राइडर्स भाग ले रही हैं। इसमें भी दो टीमों में आईपीएल फ्रेंचाइजियों की भागीदारी है। झूलन इस लीग में त्रिनबागो नाइट राइडर्स की मेंटॉर की भूमिका में रहेंगी। झूलन इससे पहले भारतीय घरेलू क्रिकेट में भी बंगाल की महिला टीम की मेंटॉर रही हैं। वह महिला प्रीमियर लीग में मुंबई इंडियंस की मेंटॉर और गेंदबाजी कोच रही हैं।

वहीं भारत की जेमिमा रोड्रिग्स, शिखा पांडे इस लीग में खेलती हुई नजर आयेंगी। मेंटोर की भूमिका को लेकर उत्साहित झूलन ने इसे लेकर कहा कि, इतनी शानदार फ्रेंचाइजी का हिस्सा बनना मेरे लिए सम्मान की बात है। अब मेरा ध्यान टीम को लीग में बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित करना है।

भविष्य में सीमित ओवरों की टीम के सलामी बल्लेबाज होंगे फ्रेजर : वार्नर

सिडनी। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व सलामी बल्लेबाज डेविड वार्नर ने युवा बल्लेबाज जेक फ्रेजर-मैकगर्क की जमकर प्रशंसा करते हुए कहा है कि वह आने वाले दिनों में सीमित ओवरों के प्रारुप में सलामी बल्लेबाज की भूमिका निभाएंगे। फ्रेजर ने घरेलू क्रिकेट के साथ ही इंडियन प्रीमियर लीग 2024 में भी शानदार प्रदर्शन कर अपने को साबित किया था। टी20 विश्वकप में उन्हें रिजर्व खिलाड़ी के तौर पर रखा गया था हालांकि उन्हें खेलने का अवसर नहीं मिला था। वार्नर ने कहा कि टी20 और एकदिवसीय में आने वाले समय में फ्रेजर ही सलामी बल्लेबाज होंगे। वार्नर ने कहा कि 50 ओवर क्रिकेट कैसे खेलना है। यह एक चीज है जो मैंने ट्वेंटी 20 से सीखी है। मुझे सात मैचों के बाद बाहर कर दिया गया क्योंकि मैं वास्तव में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाया था।

वॉलीबॉल वैगनर मेमोरियल में पोलैंड ने जर्मनी को हराया

वारसॉ। एजेंसी

पोलैंड की पुरुष वॉलीबॉल टीम ने क्राको के ह्यूबर्ट वैगनर मेमोरियल में शानदार वापसी करते हुए शनिवार को जर्मनी को 3-2 (20-25, 22-25, 25-19, 25-21, 15-12) से हरा दिया।

निकोला ग्रबिक द्वारा प्रशिक्षित टीम ने मिस्र को सीधे सेटों में हराकर टूर्नामेंट में अपनी दूसरी जीत हासिल की।

लुकाज काकजमारेक 15 अंकों के साथ सबसे शानदार खिलाड़ी थे, जबकि माटुस्ज बिएनिएक ने 14 अंक जोड़े। ग्योर्गी ग्रोजर और एंटोन ब्रेहमे ने जर्मनी के लिए 15-15 अंक दिए। पोलिश कोच माइकल विनियार्स्की के नेतृत्व में मेहमान टीम ने मजबूत शुरुआत करते हुए टोबियास क्रिक के मध्य से अच्छे आक्रमण की मदद से पहला सेट 25-20 से जीत लिया। उन्होंने दूसरे सेट में भी गति जारी रखी और एक प्रभावी ब्लॉक के साथ बढ़त हासिल कर स्कोर 25-22 कर लिया। हालाँकि, पोलैंड के टोमाज फोर्नाल, काकजमारेक और ग्रेजगोर्ज. लोमैकज ने रफ्तार में चालाकी से परिवर्तन करते हुये मेजबान टीम को शानदार वापसी दिलाई। टाई-ब्रेक में, ग्रबिक के खिलाड़ियों ने एक बार फिर अपनी गुणवत्ता साबित की और सेट की शुरूआत में ही चार अंकों की बढ़त बना ली थी।

अर्जेंटीना को हराने के लिए कोलंबिया को सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा : लोरेंजो

न्यू जर्सी। एजेंसी

कैफेटेरोस के मैनेजर नेस्टर लोरेंजो ने शनिवार को कहा कि कोपा अमेरिका फाइनल में अर्जेंटीना को हराने के लिए कोलंबिया को अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा।

मौजूदा कोपा अमेरिका और विश्व कप चैंपियन अर्जेंटीना, फीफा की नवीनतम विश्व रैंकिंग में शीर्ष स्थान पर है। इस बीच, कोलंबिया जो अपने दूसरे और 2001 के बाद से पहले कोपा अमेरिका खिताब की तलाश में है। 2022 की शुरूआत में 28 गेम अजेय रहने के बावजूद, रैंकिंग में 12वें स्थान पर है। लोरेंजो ने कहा हमें हर चीज के चैंपियन को हराने के लिए कोलंबिया का सर्वश्रेष्ठ संस्करण बनने की जरूरत है। लोरेंजो ने 2022 कॉनमबोल-यूईएफए कप ऑफ चैंपियंस में इटली पर अर्जेंटीना की जीत का भी संकेत दिया। उन्होने कहा अगर हमने अच्छा प्रदर्शन नहीं किया होता तो हम यहां नहीं होते।

एनसीसी निदेशालय ने शूटिंग प्रतियोगिता में रजत पदक जीता

चेन्नई। एजेंसी

तमिलनाडु राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) निदेशालय ने रविवार को तिरुचिरापल्ली में आयोजित वर्ष 2024 के लिए अंतर-निदेशालय खेल शूटिंग प्रतियोगिता (आईडीएसएससी) में रजत पदक जीता। प्रतियोगिता में कर्नाटक और गोवा एनसीसी निदेशालय ने तीन स्वर्ण, तीन रजत और तीन कांस्य पदक जीतकर पदक तालिका में शीर्ष स्थान हासिल किया।

मेजबान तमिलनाडु तीन स्वर्ण, एक रजत और तीन कांस्य पदक के साथ उपविजेता रहा। ओडिशा निदेशालय ने एक स्वर्ण और एक रजत जीतकर तीसरा स्थान हासिल किया। तमिलनाडु, पांडिचेरी और अंडमान निकोबार के एनसीसी निदेशालय द्वारा आयोजित वार्षिक कार्यक्रम में पूरे देश के एनसीसी निदेशालयों ने भाग लिया। रक्षा विभाग की ओर से जारी विज्ञप्ति में कहा गया कि सप्ताह भर चली प्रतियोगिता आज संपन्न हुई। इस कार्यक्रम में 17 एनसीसी निदेशालयों के कुल 300 एनसीसी कैडेटों ने भाग लिया।

पेरिस ओलंपिक की एथलेटिक्स स्पर्द्धा में उतरेगी सिक्योरिटी गार्ड की बेटी

नई दिल्ली। एजेंसी

ट्रैक और फील्ड एथलीट ज्योति याराजी को पेरिस ओलिंपिक के लिए भारतीय दल में जगह मिली है। ज्योति के नाम 100 मीटर बाधा दौड़ में राष्ट्रीय रिकॉर्ड है। उसने कठिन हालातों के बीच भी यहां तक का सफर तय किया है। आंध्र प्रदेश के विशाखापत्तनम की ज्योति के पिता एक सिक्योरिटी गार्ड हैं जबक मां घरेलू सहायक के रूप में काम करती हैं।

ज्योति ने सबसे पहले हैदराबाद में भारतीय खेल प्राधिकरण के छात्रावास में कोच एन रमेश से दो साल तक ट्रेनिंग ली थी। उसके बाद में वह उत्कृष्टता केंद्र में शामिल होने के लिए गुंटूर गईं थीं। इसके बाद साल 2019 से ही वह भुवनेश्वर में रिलायंस एथलेटिक्स हाई-परफॉर्मेंस सेंटर में ब्रिटेन के कोच जेम्स हिलियर से ट्रेनिंग लेती रही हैं। ज्योति ने चीन के हांगझोउ में 2022 के एशियाई खेलों में 100 मीटर बाधा दौड़ में रजत पदक जीता था। इसके अलावा साल 2023 की शुरूआत में इस एथलीट ने कजाकिस्तान में 2023 एशियाई इंडोर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में रजत जीता था।

वाणिज्य

मुरादाबाद-देहरादून के बीच पहली फ्लाइट के लिए सोमवार से शुरू होगी टिकटों की बुकिंग

मुरादाबाद। एजेंसी

उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद हवाई अड्डे से देहरादून तक 17 जुलाई को होने वाली पहली उड़ान के लिए सोमवार से टिकट बुकिंग शुरू होगी। 19 सीटर बी-1900डी विमान शाम 4 बजकर 20 मिनट पर मुरादाबाद से उड़ान भरेगा और 1 घंटा 10 मिनट का सफर तय कर शाम 5 बजकर 30 मिनट पर देहरादून पहुंचेगा। बुधवार को देहरादून के लिए हवाई यात्रा शुरू होने के बाद यह विमान देहरादून से प्रतिदिन दोपहर 2 बजकर 30 मिनट पर उड़ान भरेगा और दोपहर 3 बजकर 55 मिनट पर मुरादाबाद पहुंचेगा। डीजीसीए, एएआई और कंपनी की बैठक के बाद उड़ान का शेड्यूल जारी किया गया है।

एक दशक के लंबे इंतजार के बाद 17 जुलाई को मुरादाबाद से हवाई सेवा शुरू हो जाएगी। विगत 10 मार्च को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मुरादाबाद हवाई अड्डे के साथ प्रदेश के पांच एयरपोर्ट का वर्चुअल शुभारंभ किया था। इसमें मुरादाबाद के अलावा आजमगढ़, अलीगढ़, चित्रकूट और श्रावस्ती हवाई अड्डे थे।

मुरादाबाद को छोड़कर अन्य जगहों से उड़ान शुरू हो चुकी है लेकिन मुरादाबाद में फ्यूल स्टेशन के कारण पेंच अटक गया था। बुधवार को मुरादाबाद एयरपोर्ट से पहली उड़ान देहरादून के लिए होगी। एचपीसीएल कंपनी को पेट्रोलियम एक्सप्लोसिव एंड सेफ्टी ऑर्गेनाइजेशन से अनुमति मिलने के बाद फ्यूल का टैंकर हवाई अड्डे पर खड़ा कर दिया गया है। देहरादून से विमान में फ्यूल भरकर भेजा जाएगा।

जरूरत पड़ने पर यहां खड़े टैंकर से आपूर्ति की जाएगी। इस बीच फ्यूल स्टेशन का निर्माण भी चलता रहेगा। फ्लाई बिग कंपनी ने अपनी वेबसाइट को अपडेट कर लिया है। सोमवार से टिकट की बुकिंग भी शुरू हो जाएगी। आनलाइन के अलावा यात्री हवाई अड्डे पर जाकर भी बुकिंग कर सकेंगे।

विदेशी मुद्रा भंडार 5.16 अरब डॉलर बढ़कर 657.2 अरब डॉलर पर

मुंबई। एजेंसी

विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति, स्वर्ण भंडार, विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) और अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास आरक्षित निधि में जबरदस्त बढ़त होने से 05 जुलाई को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 5.16 अरब डॉलर बढ़कर 657.2 अरब डॉलर पर पहुंच गया। वहीं, इसके पिछले सप्ताह देश का विदेशी मुद्रा भंडार 1.7 अरब डॉलर कम होकर 651.9 अरब डॉलर पर रहा था। रिजर्व बैंक की ओर से जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार, 05 जुलाई को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 4.23 अरब डॉलर की बढ़त के साथ 577.1 अरब डॉलर पर पहुंच गया। इसी तरह इस अवधि में स्वर्ण भंडार 90.4 करोड़ डॉलर का इजाफा लेकर 57.4 अरब डॉलर हो गया। आलोच्य सप्ताह एसडीआर में 2.1 करोड़ डॉलर की तेजी आई और यह बढ़कर 18.04 अरब डॉलर पर पहुंच गया। इसी तरह इस अवधि में आईएमएफ के पास आरक्षित निधि 40 लाख डॉलर की बढ़त के साथ 4.6 अरब डॉलर हो गया।

वैश्विक आर्थिक आंकड़े और तिमाही नतीजों पर रहेगी बाजार की नजर

मुंबई। एजेंसी

विश्व बाजार के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर मुनाफावसूली के दबाव के बावजूद टीसीएस के मजबूत परिणाम से बीते सप्ताह आधे प्रतिशत से अधिक चढ़े घरेलू शेयर बाजार की अगले सप्ताह वैश्विक आर्थिक आंकड़ों के साथ ही कंपनियों के चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही के नतीजों पर नजर रहेगी। बीते सप्ताह बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 522.74 अंक अर्थात 0.7 प्रतिशत मजबूत होकर सप्ताहांत पर 80519.34 अंक पर पहुंच गया। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 178.3 अंक यानी 0.73 प्रतिशत चढ़कर 24502.15 अंक पर रहा। समीक्षाधीन सप्ताह में दिग्गज कंपनियों की तरह बीएसई की मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में भी लिवाली हुई।

मिडकैप 70.41 अंक अर्थात 0.2 प्रतिशत बढ़कर सप्ताहांत पर 47508.26 अंक और स्मॉलकैप 140.71 अंक यानी 0.3 प्रतिशत की बढ़त लेकर 54013.25 अंक हो गया। विश्लेषकों के अनुसार, वित्त वर्ष 2024-25 की पहली तिमाही की आय के कमजोर पूवार्नुमान और विकासोन्मुख बजट की उम्मीद के कारण बाजार में चिंता और उत्साह का मिश्रण बना रहा। दूसरी ओर, वित्त वर्ष 2025 के लिए मजबूत जीडीपी के मार्गदर्शन ने निवेशकों की धारणा को मजबूत किया। वैश्विक मोर्चे पर अमेरिका में मुद्रास्फीति के अनुमान से कम होकर एक वर्ष के निचले स्तर पर आने से निवेशकों की आशा बढ़ी है। इससे सितम्बर में अमेरिकी फेड द्वारा ब्याज दर में कटौती की संभावना 90 प्रतिशत तक बढ़ गई है, जो डॉलर सूचकांक में गिरावट से स्पष्ट है।

संक्षिप्त समाचार

पौधारोपण अभियान में योगदान देना हम सब का प्रथम दायित्वः धर्मपाल

- **वन विभाग हरियाणा पौधारोपण अभियान एक पेड़ माँ के नाम अभियान जारी**

हरियाणा/चंडीगढ़।)हरियाणा वन विभाग ने 'पौधारोपण अभियान' की शुरुआत की है, जिसका मुख्य उद्देश्य प्रदेश में हरियाली को बढ़ावा देना है। यह अभियान लोगों को पेड़ लगाने के लिए प्रेरित करता है और पर्यावरण संरक्षण में उनकी भागीदारी को बढ़ाता है।
फोरेस्ट अधिकारी धर्मपाल ने बताया कि वन विभाग ने इस अभियान के तहत विभिन्न क्षेत्रों में पौधे लगाने का उद्देश्य रखा है, जिससे भूमि की शान्ति और वातावरणिक स्थिरता में सुधार हो सके। यह अभियान सामाजिक जागरूकता भी बढ़ाता है और लोगों को जागरूक करता है कि पेड़ों का महत्व क्या है।
हरियाणा के वन विभाग द्वारा यह अभियान 'पेड़ माँ के नाम' भी जाना जाता है, क्योंकि पेड़ वास्तव में हमारी माँ की तरह होते हैं जो हमें ऑक्सीजन और जीवनदायिनी धरोहर प्रदान करते हैं।
यह अभियान विशेष रूप से शिक्षा संस्थानों, समुदायों, और सरकारी संगठनों को शामिल करता है ताकि पेड़ों के प्रति जागरूकता और उनके संरक्षण में साझेदारी मजबूत हो सके।
इस प्रक्रिया में, नागरिकों को भी अपने द्वारा लगाए गए पेड़ों की देखभाल करने और उनकी गिनती करने का अवसर प्राप्त होता है, जिससे उनके प्रति संवेदनशीलता व जवाबदेही की भावना बढ़ती है। इस अभियान के माध्यम से, हरियाणा वन विभाग ने प्रदेश के पर्यावरण स्थिति में सुधार करने के साथ-साथ सामाजिक संवेदनशीलता में भी वृद्धि करने का प्रयास किया है। इसके परिणामस्वरूप, प्रदेश की हरियाली में वृद्धि हुई है और लोगों के बीच पेड़ों के प्रति जागरूकता में भी सुधार आया है। वन राजिक अधिकारी रायपुर रानी मोरनी-पिंजौर वन मण्डल, पिंजौर में पौधारोपण अभियान जारी है।

18 के बाद सक्रिय होगा मानसून, नहीं चलेगी पूरवाई, उत्तर-पश्चिमी हवा से बढ़ेगा तापमान

हरियाणा/चंडीगढ़। मौसम में आए बदलाव के चलते रविवार को पानीपत शहर के आधे हिस्से में बारिश हुई। शनिवार दोपहर सेक्टर-12 से समालखा तक बूंदाबांदी हुई। रविवार सुबह करीब साढ़े 11 बजे से संजय चौक से करनाल की तरफ बारिश हो रही है। बारिश थमने के तुरंत बाद धूप निकल आई। इससे उमस बढ़ गई। रविवार सुबह 3 से 5 किलोमीटर की रफ्तार से पूर्वी-पश्चिमी हवाएं चलती रहीं। बारिश कहीं तेज तो कहीं धीमी रही। करीब 40 मिनट बाद बारिश थम गई। आईएमडी के अनुसार जुलाई में अब तक सिर्फ 9 एमएम बारिश हुई है।

- **18 जुलाई के बाद मानसून होगा सक्रिय**

हरियाणा में मानसून कमजोर पड़ गया है। 18 जुलाई के बाद इसके फिर से सक्रिय होने की संभावना है। बंगाल की खाड़ी में कम दबाव का क्षेत्र बनने से मानसून कमजोर पड़ गया है। अगले 24 घंटों में प्रदेश में एक-दो स्थानों पर छिटपुट बूंदाबांदी हो सकती है। लेकिन अधिकांश क्षेत्रों में बादल छाए रहेंगे और कुछ स्थानों पर धूप खिली रहेगी। बता दें कि शनिवार को भी प्रदेश के कुछ क्षेत्रों में बूंदाबांदी हुई थी और कुछ स्थानों पर बादल छाए रहे थे। मौसम में नमी के कारण लोगों को उमस भरी गर्मी का सामना करना पड़ा। मौसम वैज्ञानिकों का मानना है कि आने वाले दिनों में हरियाणा में तापमान में और बढ़ोतरी होगी। हरियाणा में अधिकतम तापमान 38 डिग्री के आसपास बना हुआ है, जो 40 डिग्री या इससे अधिक तक जा सकता है। वहीं उत्तर-पश्चिमी हवा के कारण वातावरण में नमी बनी रहेगी, जिससे दिन और रात दोनों समय तापमान में बढ़ोतरी होगी।

- **प्रदेश के 9 जिलों में सामान्य से कम बारिश**

प्रदेश में अभी भी 9 जिले ऐसे हैं, जहां इस महीने सामान्य से कम बारिश हुई है। इनमें पानीपत में सामान्य से 92 फीसदी, करनाल में 83, रोहतक में 80, सोनीपत में 71, पंचकूला में 60, यमुनानगर में 50, कैथल में 48, अंबाला में 40 और जींद में 35 फीसदी कम बारिश हुई है। बाकी जिलों में बारिश सामान्य या इससे अधिक हुई है।

- **हवा की दिशा बदलते ही बढ़ेगी गर्मी**

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार के कृषि मौसम विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. मदन खीचड़ ने बताया कि हरियाणा राज्य में 17 जुलाई तक मौसम आमतौर पर परिवर्तनशील रहने की संभावना है। आज से राज्य में उत्तर-पश्चिमी हवाएं चलेंगी, जिससे तापमान में बढ़ोतरी होगी। आज से मानसूनी हवाओं की सक्रियता में थोड़ी कमी आने की संभावना के चलते कहीं-कहीं हल्की बारिश या छिटपुट बूंदाबांदी की संभावना है। हरियाणा में 18 जुलाई के बाद मानसून एक बार फिर सक्रिय हो सकता है।

अजमेर में होने वाली है पेयजल क्रांति

80 बीघा में बनेगा आयुर्वेद विश्वविद्यालय, माकड़वाली में भूमि चिंहित

चमकता राजस्थान

जयपुर, 14 जुलाई। अजमेर पेजयल क्रांति का साक्षी बनने जा रहा है। राज्य सरकार की सबसे महत्वपूर्ण ईआरसीपी योजना से अजमेर को जोड़ा जायेगा। चम्बल नदी का पानी बीसलपुर होते हुए मुहामी के मोर तालाब तक लाया जाएगा। यहां 2 साल तक का पानी जमा होगा। 270 करोड रूपए की पेयजल योजना के तहत अजमेर में कोटड़ा, वैशाली नगर और लोहागल में 80 एमएलडी क्षमता के 3 स्टोरेज टैंक बनेंगे। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने रविवार को बजट घोषणाओं से सम्बन्धित स्थानों का निरीक्षण किया।

विधानसभा अध्यक्ष देवनानी ने सर्वप्रथम मुहामी गांव में स्थित मोर सागर का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने बताया कि ईआरसीपी योजना के तहत चम्बल नदी का पानी बीसलपुर तक लाया जाएगा। वहां से यह पानी मुहामीं गांव में स्थित मोर सागर तालाब तक लाया जाएगा।
देवनानी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि मोर सागर तालाब में 2 साल का पानी जमा करने की क्षमता विकसित की जाए। इसके लिए अगर भूमि का अधिग्रहण किया जाना हो तो उसके प्रस्ताव भी तैयार किए जाएं। अधिकारी प्रोएक्टिव होकर प्रस्ताव तैयार करें। इन प्रस्तावों को जल संसाधन मंत्री एवं उच्च अधिकारियों के जरिए सरकार तक पहुंचाया जाए ताकि अजमेर में भी जल्द काम शुरू हो सके।
अधिकारियों ने बताया कि पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना में राजस्थान के 13 जिलों को पेयजल व सिंचाई हेतु जल की उपलब्धता सुनिश्चित की गई है। यह योजना राजस्थान सरकार व मध्यप्रदेश सरकार के अन्तर्गत अन्तर्राज्यीय संधि होने से चम्बल नदी बेसिन, कालीसिन्ध नदी सबबेसिन व पार्वती नदी सबबेसिन के अधिशेष जल को तीन बैराज हनोटिया बैराज, रामगढ बैराज एवं महालपुर बैराज बनाकर पानी को डाईवर्ट किया जाएगां। जिससे इस अतिरिक्त पानी से नवनेरा बैराज कोटा होते हुए बीसलपुर डैम व ईसरदा डैम को भरते हुए टोंक जिले के लाम्बाहरिसिंह होते हुए अजमेर के मोर सागर मुहामी तक लाया जाएगा। बांध की क्षमता बढाकर अजमेर की पेयजल आवश्यकता की भविष्य में इससे पूर्ति किया जाना संभव होगा एवं उपलब्धता एवं आवश्यकतानुसार अजमेर के अन्य जलाशयों में जल उपलब्ध करवाना संभव होगा। वर्तमान में इस तालाब के जीर्णोद्वार व मरम्मत का कार्य करवाया जा रहा है। बांध का सुदृढ़ीकरण वेस्टवीयर की मरम्मत व फेसवाल का कार्य भी करवाया जा रहा है। इससे तालाब की मजबूती व स्थिरता बढ़ाई जा सकेगी।

270 करोड़ की पेयजल परियोजना, अजमेर में बनेंगे तीन बड़े टैंक

देवनानी ने बताया कि राज्य सरकार ने 270 करोड़ रूपए की वृहद पेयजल परियोजना स्वीकृत की है । इस योजना के तहत अजमेर में नसीराबाद से नौसर तक पाईप लाईन डाली जाएगी। यानि अब नौसर तक का क्षेत्र अन्तिम छोर नहीं बल्कि आरम्भ क्षेत्र होगा। यहां बनने वाले सर्विस रिजर्वायर से शहर में जलापूर्ति होगी। पूरे शहर में पूरे प्रेशर से एवं पर्याप्त जलापूत्ति होगी। इसी तरह वैशाली नगर एवं लोहागल में भी बड़ी पानी की टंकियां बनेगी। इन इलाकों में भी पूरे प्रेशर से पानी आएगा। श्री देवनानी ने कोटड़ा सर्विस रिजर्वायर का स्थान देखा एवं आवश्यक निर्देश दिए।

माकड़वाली में आयुर्वेद विश्वविद्यालय का स्थान चिंहित

देवनानी ने जिला कलक्टर के साथ माकड़वाली ग्राम पंचायत क्षेत्र में आयुर्वेद विश्वविद्यालय का चिंहित स्थान भी देखा। यहां 80 बीघा जमीन विश्वविद्यालय के लिए चिंहित की गई है। यहां आयुर्वेद, योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा विश्वविद्यालय बनेगा। शीघ्र इसका नोटिफिकेशन जारी होगा।

बड्र्स एक्ट 2019 की अनुपालन नहीं होने के कारण विशाल जन आंदोलन हेतु अलवर कंपनी गार्डन में मीटिंग आयोजन

चमकता राजस्थान

अलवर। कंपनी गार्डन में सभी ठगी पीड़ित साथियों ने एक साथ मिलकर मीटिंग का आयोजन किया! सहारा इंडिया, परिवार डेयरी, पीएसीएल, कैन बेज , साई प्रसाद, आदर्श सोसाइटी, आदि सभी ठगी पीड़ित कंपनीयो के अभिकर्ताओं एवं जमा करताओं ने भाग लिया! और मीटिंग में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि अधिक से अधिक संख्या में दिनांकः-31 जुलाई 24 को दिल्ली जंतर-मंतर पर पहुंच पहुंचकर अपनी ताकत को दिखाना है! इसके लिए हमने सदस्यता अभियान भी चालू किया है! और हमारे सदस्यों ने एक संकल्प लिया है! कि अलवर क्षेत्र से 100 से 150 सदस्य पहुंचने की शपथ दिलाई है! आज मीटिंग में जिला अध्यक्ष राजेंद्र कुमार सेन, कोषाध्यक्ष मोहनलाल जैन, संगठन मंत्री रामेश्वर मिश्रा, संगठन मंत्री गुलाबचंद एवं विनोद सैनी नसरू खान, तिलक राज, मदन गोपाल, प्रभु दयाल, कोहली, मधु मित्तल, गिंदो देवी, शिवचरण गौतम, पंकज कुमार, हरेंद्र सिंह, नितिन कुमार, कन्हैयालाल, संतो वाई, शयामलाल, भगवान दास, सुनीता देवी, दौलत राम, संजीव कुमार, कोरिया, कमलेश बंजारा, हजारीलाल, कैलाश चंद, दिलीप सिंह, शहजाद खान, ओमप्रकाश सेन, लक्ष्मण प्रसाद, सभी साथी आज मीटिंग में उपस्थित हुए!

अपराधियों पर लगाम, अपराध के आंकड़ों में लगातार आ रही कमीः प्रभारी मंत्री

चमकता राजस्थान धौलपुर(रामदास तरुण)

पत्रकारों के सवालों के जवाब देते हुए प्रभारी मंत्री ने कहा कि राजस्थान सरकार ने संगठित अपराध और गैंगस्टर्स के खिलाफ अभूतपूर्व कार्रवाई की है। अपराधियों की कमर तोड़ दी है। हमारी सरकार की अपराधियों पर जीरो टॉलरेंस की नीति है। इसी की बानगी है, कि एनसीआरबी के आंकड़ों में राजस्थान में अपराध में लगातार कमी आ रही है। पुलिस अपना काम कर रही है! और किसी को भी कानून व्यवस्था बिगाड़ने की इजाजत नहीं दी जा सकती।

एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत लगाया पौधा

प्रभारी मंत्री बेढम ने एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत कलक्ट्रेट परिसर में पौधा लगाया और सभी से अधिक से अधिक संख्या में पौधे लगाने की अपील की। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष भाजपा सत्येन्द पाराशर, गिर्राज सिंह मलिंगा, डॉ. शिवचरण कुशवाह, सुखराम कोली सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

अधिकारियों से जानी टाइमलाइन, समयबद्ध काम करने के निर्देश

चमकता राजस्थान

धौलपुर(रामदास तरुण) प्रभारी मंत्री बेढम ने सार्वजनिक निर्माण विभाग से शुरू करते हुए एक-एक कर सभी विभागों के जिला स्तरीय अधिकारियों से योजनाओं के पूर्ण होने के लिए समयसीमा की जानकारी ली। उन्होंने राष्ट्रीय राजमार्ग 123 से राष्ट्रीय राजमार्ग 11 बी धौलपुर एवं राष्ट्रीय राजमार्ग 44 से राज्य राजमार्ग 2अ धौलपुर पर बायपास निर्माण के बा-रे में बारीकी से सुलभता हेतु भूमि का चिह्निकरण किये जाने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग से कार्ययोजना के बारे में जानकारी ली। प्रभारी मंत्री ने कहा कि सभी विभाग राज्य सरकार की मंशा अनुरूप बजट घोषणाओं 2024-25 के त्वरित क्रियान्वयन हेतु अग्रसक्रिय ढंग से कार्य करें। उन्होंने जिले से संबंधित सभी बजट घोषणाओं की एक-एक कर समीक्षा की और अब तक की प्रगति जानी। प्रभारी मंत्री ने बजट घोषणाओं के मध्येनजर संबंधित विभाग द्वारा अब तक की गई कार्यवाही के बारे में जानकारी लेते हुए नियमित समीक्षा किए जाने हेतु कहा। उन्होंने प्रत्येक विभाग को समयबद्ध लक्ष्य के अनुरूप कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने जिले में बजट घोषणा के अंतर्गत विभिन्न विभागों द्वारा की गई घोषणाओं की अब तक की प्रगति, जमीन आवंटन, शिलान्यास, वित्तीय स्वीकृति, प्रशासनिक स्वीकृति सहित अन्य कार्यो को समय पर पूर्ण करने के निर्देश अधिकारियों को दिये

बैठक मे जिला प्रभारी सचिव रोहित गुप्ता ने बजट घोषणा संबंधी कार्यो मे जमीन आवंटन संबंधित कार्यों को समय पर पूर्ण करने, समय पर कार्य आदेश जारी करने, समय समय पर मॉनिटरिंग करने, गुणवत्ता का ध्यान रखने एवं बजट घोषणा संबंधी समस्याओं के निराकरण हेतु जिला एवं राज्य स्तर पर अवगत कराने के निर्देश दिये जिससे कि समस्या का समाधान किया जा सके। संभागीय आयुक्त सांवरमल वर्मा ने राज्य सरकार के द्वारा की गई बजट घोषणाओं को समयानरूप किये जाने हेतु सतत निगरानी किये जाने हेतु निर्देशित किया। बैठक में अतिरिक्त जिला कलक्टर ब्रह्मलाल जाट ने राज्य सरकार द्वारा बजट 2024-25 में धौलपुर जिले से संबंधित घोषणाओं के बारे में प्रभारी मंत्री के साथ जानकारी साझा की। उन्होंने कहा कि जिले से संबंधित बजट घोषणाओं के समयबद्ध क्रियान्वयन के लिए रोडमैप तैयार किया गया है। प्रत्येक विभागीय अधिकारी को गंभीरता पूर्वक कार्य करने के लिए निर्देशित किया गया है। जिला और संबंधित विभाग के स्तर पर इसकी नियमित समीक्षा की जायेगी।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक अभय सिंह चौहान के लिए एम बी प्रिंटर्स, सी 74 सुदर्शन पूरा, जयपुर से मुद्रित एवं 1ए देवी नगर विस्तार, देवी नगर गली नं. 6 जयपुर 302019 से प्रकाशित। सम्पादक : अभय सिंह चौहान,
मोबाइल : 9314505000 (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार) संपादक : खलील कुरैशी, मोबाइल : 7891542929